Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 342 | सोमवार, 15 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बिहार के मंत्री नितिन को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया

# नितिन नवीन भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।**

बिहार की एनडीए सरकार में मंत्री नितिन नवीन को बीजेपी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बीजेपी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नवीन को जेपी नड्डा की जगह पार्टी की कमान फिलहाल सौंपी गई है। बीजेपी ने नितिन नवीन को पार्टी की बागडोर यूं ही नहीं सौंपी, बल्कि यह सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। बीजेपी अध्यक्ष की रेस में कई नामों की चर्चा थी, लेकिन पार्टी ने एक बार फिर से चौंकाने वाला फैसला लेकर बड़ा सियासी दांव खेला है। नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर साफ कर दिया है कि बीजेपी का अब पूरी तरह फोकस भविष्य की लीडरशिप खड़े करने पर है। उनकी नियुक्ति के पीछे पाँच बड़े सियासी संदेश छिपे हैं।।।



बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए नितिन नवीन की उम्र महज 45 साल है। बीजेपी के इतिहास में नितिन नवीन सबसे कम उम्र के नेता हैं, जो पार्टी की कमान संभालने जा रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर जेपी नड्डा तक, जितने भी पार्टी अध्यक्ष बने हैं, उनमें सबसे कम उम्र के अमित शाह रहे हैं। अमित शाह 49 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे, लेकिन नवीन अब उनसे भी कम उम्र के हैं। नितिन नवीन का जन्म साल 1980 में हुआ है। इतनी कम उम्र में उन्होंने खुद को साबित किया है।

नितिन नवीन जैसे युवा नेता को संगठन के शीर्ष पद पर सौंपना यह बताता है कि बीजेपी अब पूरी तरह से 'नेक्स्ट जेन' लीडरशिप पर फोकस कर रही है। बीजेपी अब 2029 और उसके बाद के भारत की तस्वीर देख रही है। इतना ही नहीं, आरएसएस भी कहता रहा है कि बीजेपी को भविष्य की लीडरशिप पर फोकस करना चाहिए। बीजेपी ने 45 साल के युवा चेहरे को पार्टी की बागडोर सौंपकर साफ कर दिया है कि पार्टी की नजर नए नेताओं को आगे लाने पर है। नितिन नवीन के पास संगठन और सरकार दोनों का बेहतरीन अनुभव है, जिसे देखते हुए पार्टी ने कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नवीन युवा हैं, आक्रामक हैं और नई पीढ़ी की भाषा को समझते हैं।

## पंकज चौधरी बने उत्तर प्रदेश बीजेपी के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को निर्विरोध उत्तर प्रदेश बीजेपी का नया अध्यक्ष चुना गया, जिससे कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है और 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए नई ऊर्जा के साथ रणनीति तैयार करने की उम्मीद है। महाराजगंज से सातवीं बार लोकसभा सांसद और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। शनिवार को उनके खिलाफ अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने रविवार को



पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश बीजेपी के 17वें अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। 1980 में बीजेपी उत्तर प्रदेश के गठन के बाद से पंकज चौधरी यह पद संभालने वाले 17वें नेता हैं। इस दौरान राष्ट्रीय परिषद के 120 सदस्यों के नामों की भी घोषणा की गई।

## 'हमले जारी रहे, तो हम भी जवाब देंगे', केटीआर ने दी कांग्रेस को चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने रविवार को सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को चेतावनी दी कि यदि उनके कार्यकताओं पर हमले जारी रहे तो पार्टी को जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने सूयार्पेट जिले के लिंगमपल्ली गांव का दौरा किया और बीआरएस कार्यकर्ता उप्पला मल्लैया को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी हाल ही में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा कथित रूप से हत्या कर दी गई थी। केटीआर ने मल्लैया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## प्रियंका गांधी का मोदी सरकार पर हल्लाबोल

# 'वोट चोरी' का आरोप, बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' पर तीखा वार

**नई दिल्ली।**

प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर ₹वोट चोरी₹ और आवश्यक मुद्दों पर चर्चा से इनकार करने का आरोप लगाया, वहीं बीजेपी की ₹वॉशिंग मशीन₹ को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार के बिना चुनाव आयोग के सहयोग के चुनाव जीतना संभव नहीं है, और महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार की विफलता को उजागर किया। कांग्रेस पार्टी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर अपना अभियान तेज करते हुए रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी महा रैली का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि जब संसद में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, तो मोदी सरकार ने बहस करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'सरकार ने कहा कि हम पहले 'वंदे मातरम' पर चर्चा करेंगे, फिर वोट चोरी पर बात करेंगे। सदन में हम 'वंदे मातरम' पर चर्चा करते रहे, लेकिन मोदी सरकार में जनता के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं दिखी।' प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर दबाव की राजनीति का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि पिछले आम चुनाव में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया और बेबुनियाद आरोप लगाए गए। उन्होंने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'जिन लोगों का दिल कमजोर था... वो बीजेपी में शामिल हो गए। जैसे-जैसे लोग बीजेपी में शामिल होते गए, बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' में धुलकर साफ होते गए।'प्रियंका गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैं चुनौती देती हूं- बीजेपी एक बार बैलेट पेपर पर निष्पक्ष चुनाव लड़ ले। ये कभी नहीं जीत पाएंगे और ये बात बीजेपी भी जानती है।' उन्होंने साफ कहा कि आज बीजेपी को चुनाव आयोग की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना नरेंद्र मोदी चुनाव नहीं जीत सकते।

## बॉन्डी बीच पर बच्चों समेत 12 की मौत, यहूदी उत्सव था निशाना



**नई दिल्ली।**

रविवार शाम सिडनी के बॉन्डी बीच पर बंदूकधारियों ने भयानक गोलीबारी की, जिसे अधिकारियों ने यहूदी हनुक्का उत्सव पर एक लक्षित आतंकी हमला घोषित किया। इस हमले में बच्चों और एक पुलिस अधिकारी सहित कम से कम 12 लोग मारे गए और 29 अन्य घायल हुए। ठरह के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने पुष्टि की कि हमला सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाने के लिए किया गया था, जो 'चानुका बाय द सी' कार्यक्रम के दौरान हुआ।

रविवार शाम ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित बॉन्डी बीच पर बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस भयानक आतंकी हमले में एक पुलिस अधिकारी और बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 29 अन्य घायल हुए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इस घटना को यहूदी हनुक्का उत्सव पर एक लक्षित आतंकवादी हमला बताया है। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने स्पष्ट कहा, 'यह हमला सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाने के लिए किया गया था।' अधिकारियों ने बताया कि यह हमला 'चानुका बाय द सी' नाम के एक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरूआत के मौके पर आयोजित किया गया था।

## गेंदबाजों के बाद अभिषेक का दिखा दम




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 में हरा दिया। धर्मशाला में भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और उसने इस मैदान पर टी20 में जीत की हैट्रिक लगा ली है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी थी। भारत ने फिर 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। भारत ने इसके साथ ही धर्मशाला में जीत की हैट्रिक लगा ली है। भारत ने धर्मशाला के इस मैदान पर लगातार तीसरा टी20 मुकाबला जीता है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला जीतने से पहले 2022 में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैच जीते थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और शुभमन गिल ने भारत को तेज शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। इस साझेदारी को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया।

## कोहरा बना काल

# यूपी में 30 से ज्यादा गाड़ी टकराई, राजस्थान में भी ठडं से बुरा हाल

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण अलग-अलग हादसों में कई लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश में ही छह लोगों की मौत हो गई, जबकि पंजाब में दंपती को कार पुल से गिरने के कारण जान गंवानी पड़ी। कई वाहन आपस में टकरा गए। अकेले उत्तर प्रदेश में ही 30 से ज्यादा वाहन टकराने से कई घायल हो गए। विमानों और रेल गाड़ियों पर भी कोहरे का असर पड़ा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हमीरपुर में इचौली के पास रविवार सुबह करीब नौ बजे स्लीपर बस ने आगे चल रही बोलेरो में टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार दो भाइयों समेत चार लोगों की मौत गई। दोनों भाई मां की अस्थियों को विसर्जित करने महोबा से प्रयागराज जा रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर क्षेत्र में शादीपुर गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे के निमार्णाधीन इंटरचेंज के पास एक के बाद एक कर 10 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में बस




चालक व बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बाद पांच किमी लंबा जाम लग गया। तीन घंटे मशक्कत के बाद आवागमन शुरू हो सका। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अलग-अलग स्थानों पर 11 वाहन आपस में टकरा गए। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर कोहरे के कारण 10 वाहन आपस में भिड़ गए। हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ। उधर, मोगा में रविवार सुबह संगतपुरा गांव के पास पुल से कार गिरने से एक शिक्षक दंपती जसकरण सिंह और उनकी पत्नी कमलजीत कौर की मौत हो गई। राजस्थान में भरतपुर के दिदवाली गांव में घने कोहरे के कारण दो वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। चित्तौड़गढ़ जिले में कोहरे के कारण एक ट्रेलर और पिकअप की टक्कर में पिकअप चालक घायल हो गया। दौसा जिले में भी कोहरे का असर रहा।

## 'रूस के लिए नहीं छोड़ेंगे अपनी जमीन' :जेलेंस्की

**नई दिल्ली।**

युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन सैन्य संगठन नाटो की सदस्यता की इच्छा छोड़ने के लिए तैयार है लेकिन रूस के लिए अपनी जमीन नहीं छोड़ेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह बात रविवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकाफ और दामाद जेरेड कुशनर से साफ तौर पर कह दी है।



ये दोनों ट्रंप के शांति प्रस्ताव पर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से वार्ता के लिए बर्लिन आए हैं। सोमवार को उनकी जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से वार्ता होगी। जेलेंस्की ने कहा है कि वह यूक्रेन में सम्मानजनक शांति चाहते हैं। फिलहाल उन्होंने यूरोपीय देशों के साथ मिलकर तैयार किए नए शांति प्रस्ताव पर जोर नहीं दिया है। जेलेंस्की नाटो में शामिल होने की अपनी इच्छा छोड़ने के लिए तैयार हैं लेकिन अमेरिका सहित पश्चिमी देशों की सुरक्षा गारंटी चाहते हैं जिससे रूस के भविष्य में होने वाले हमलों से निपटा जा सके। इस सुरक्षा गारंटी के तहत वह पश्चिमी देशों के सैनिकों की यूक्रेन में तैनाती चाहते हैं जो रूस को स्वीकार नहीं है।

# ऑटिज्म पीड़ितों के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट में ऑटिज्म और अन्य बौद्धिक विकलांगता वाले लोगों की देखभाल, पुनर्वास और सुरक्षा के लिए व्यापक दिशानिर्देश बनाने के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग से संबंधित एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। याचिका में केंद्र और अन्य को ये निर्देश देने की भी मांग की गई है कि ऐसे लोगों के लिए हर जिले में आबादी के हिसाब से आवासीय सुविधाएं स्थापित करें, और उनकी स्थापना, विनियमन और निगरानी के लिए व्यापक और बाध्यकारी स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की 'कॉज लिस्ट' के मुताबिक, मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और आर महादेवन की पीठ करेगी। याचिका में मांग की गई है कि जो राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति बनाई जाए, उसमें ऑटिस्टिक लोगों के प्रतिनिधि, अभिभावक संघ, विकलांगता अधिकार विशेषज्ञ और चिकित्सा विशेषज्ञों को शामिल किया जाए। इसके साथ ही ऐसे लोगों के लिए बाकायदा चिकित्सा सुविधा, नियमित स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों, थेरेपिस्ट और प्रशिक्षित सहायताकर्मियों तक उनकी नियमित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी दिशानिर्देश देने की मांग की गई है।



## संपादक की कलम से

# मैसी के नाम पर महाभारत

फुटबॉल के जादूगर, विश्व चैंपियन खिलाड़ी, लियोनेल मैसी कोलकाता आए और उनके फैन्स ने जो उत्पात मचाया, कमोबेश उसे खेल की दीवानगी तो नहीं माना जा सकता। चूंकि मैसी–प्रेमी अपने चहेते खिलाड़ी की झलक तक नहीं पा सके, उनसे बातचीत करना या ऑटोग्राफ लेना तो बहुत दूर की कौड़ी था, लिहाजा दर्शक भडक उठे। उन्होंने ।सॉल्ट लेक स्टेडियम। में पानी की बोतलें फेंकी, कुर्सियां उछालीं और तोड़–फोड़ की, होर्डिंग्स फाड़ दिए, तंबू उखाड़ फेंके, आगजनी तक की और मैसी के लिए बनाई ।कैनोपी। तक को नहीं बख्शा। यह दीवानगी के नाम पर अराजकता, गुंडागर्दी थी और आयोजन की अव्यवस्था, प्रबंधनहीनता की पराकाष्ठा थी। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इसे फुटबॉल प्रेमियों के लिए ।काला दिन। करार दिया है। यह वाकई शर्मनाक रहा। विश्व चैम्पियन कप्तान मैसी मैदान पर एक किक तक नहीं मार पाए, क्योंकि सुरक्षा के घेरे टूटने तक की नौबत आ गई थी। फुटबॉल का जादूगर आया और बिना कोई करिश्मा दिखाए 10 मिनट में ही स्टेडियम से बाहर चला गया। कुछ पल हाथ जरूर हिलाया, लेकिन फैन्स उसे साझा नहीं कर सके। बेशक बहुत कुछ कलंकित हुआ है। भारत 2026 के ओलिंपिक खेल आयोजन की बोलियां लगा रहा है, दावे कर रहा है, लेकिन उसके एक खेल–प्रेमी शहर में खेल के संस्कार ऐसे हैं, जो खेल की दृष्टि से निंदनीय और अस्वीकार्य हैं। कोलकाता अपनी चिरंतन सभ्यता, संस्कृति, भद्रलोक की छवि के लिए विख्यात रहा है। फुटबॉल वहां की दीवानगी है, पागलपन की हद तक है। गली–गली में बच्चे फुटबॉल खेलते दिख जाएंगे। यदि फुटबॉल के विश्व चैम्पियन खिलाड़ी मैसी के सम्मान में 70 फुट ऊंची प्रतिमा का सार्वजनिक अनावरण किया जाना था, तो सबसे बेहतर यह रहता कि उनका कुछ खेल देखा जाता, उन्हें एक सुरक्षित वाहन पर सवार कर स्टेडियम में घुमाया जाता, नेताओं को भी तो घुमाया जाता है, मैसी के प्रशंसक हाथ हिला कर या हाथ जोड़ कर अथवा किसी भी तरह अपने ।करिश्माई खिलाड़ी। का अभिनंदन कर सकते। दुर्भाग्य है कि आयोजक यह तय नहीं कर पाए। कुछ वीआईपी चेहरों, मंत्रियों, स्थानीय प्रतिनिधियों समेत दर्जनों सुरक्षाकर्मियों ने मैसी को इस कदर ढक लिया था कि फैन्स अपने ।हीरो। की झलक तक नहीं पा सके। दर्शकों ने कम से कम 3500 रुपए और अधिकतम 25,000 रुपए के टिकट खरीदे थे। ब्लैक में टिकट 40,000 रुपए तक बेचे गए। वह काला धन किसकी जेब में गया? इस महाभारत ने न केवल बंगाल की छवि को कलंकित किया है, बल्कि देश की खेल मानसिकता को भी बदनाम किया है। हमें याद है कि फुटबॉल के शाश्वत जादूगर रहे महान पेले जब भारत आए थे, तो कमोबेश वह खेल दिखा पाए थे। ऐसी अराजकता और अव्यवस्था तो मैसी के इसी दौरे के दौरान हैदराबाद में नहीं हुई, जहां मैसी ने अपने खेल के कुछ ।जादुई स्पर्श। दिखाए, लेकिन वहां भी यह सवालिया जरूर रहा कि मैसी के साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए 10–10 लाख रुपए वसूले गए। क्या फुटबॉल का जादूगर कोई उत्पाद है, जिसकी बोली लगाई गई? मैसी 14 लंबे सालों के बाद भारत आए हैं, जाहिर है कि जिन्होंने पूरे प्रवास का आयोजन किया है, तो उन्होंने मैसी का कुल पारिश्रमिक भी तय किया होगा! मैसी मुंबई में हैं और उन्हें दिल्ली भी आना है।



ललित शर्मा
संपादक

# मन एकाग्रता से विवेक जागृत होता है ,जिसमें निर्णायक क्षमता सर्वोत्तम होती है



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां में हर देश ने तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी,विकास से बढ़ते डिजिटाइजेशन ने शारीरिक श्रम को विशाल स्तरपर कम कर मानसिक श्रम को बढ़ा दिया है जिसमें अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्स और वेबों को ईट का जवाब पत्थर से देने का काम कर दिया है जिसमें माननीय जीव का ध्यान भटक सा गया है और अपने ही उलझन में उलझते हुए गुम सा हो गया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि बढ़ते मानवीय विवादों व बढ़ाती अपनीं ख्वाहिशें,लग्जरी जिंदगी झूठी शान को दिखाने के चक्कर में बड़बोलापन शब्दों बयानों वाक्यों के गिरते स्तर तथा परिवार में बढ़ते विवादों की खाई को और चौड़ा करते जा रहे हैं, जहां अब समय आ गया है कि अब आदि-अनादि काल से हमारे बड़े बुजुर्गों के उपरोक्त हानियों में गुणकारी टॉनिक मौन एकाग्रता को अपनाएं जो हमारे जीवन की सफलता का सच्चा सूत्र है। चूंकि मन एकाग्रता से विवेक जागृत होता है,जिसमें निर्णायक क्षमता सर्वोत्तम होती है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मन एकाग्रता से क्रोध का दामन, आत्मिक बल, निर्मल बुद्धि, समस्याओं का समाधान व मस्तिष्क में एकाग्रता होने को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता के लाभों की करें तो, मौन रहने में बड़ी ताकत है, रह कर देखें तब हमको इसके फायदों के बारे में ज्ञान होगा। मौन रहने के फायदे इस प्रकार हैः- (1)सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन रहने की सलाह दी जाती है।(2)मन को शांति मिलती है और शक्ति बढ़ती है।(3)मौन से आंतरिक और मानसिक शक्ति मिलती है।(4)इससे व्यक्ति लंबे समय तक तनाव रहित बना रहता है।(5)मौन रहने से क्रोध मिटता है।(6)मौन की शक्ति बड़े से बड़े अहंकार को धूल में मिला देती है (7) स्मरण शक्ति और सोचने की शक्ति बढ़ती है।(8)नई मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है और बड़े संघर्ष शुन्य हो जाते हैं।(9)इस उपाय से मन की चंचलता को नष्ट किया जा सकता है।(10)घरेलू लड़ाई-झगड़े बिल्कुल खत्म हो जाते हैं और अपने आप पर काबू पाने की शक्ति बढ़ती है।मौन रहने के क्या लाभ होते हैं ?कहते हैं कि जो समझदार होता है, वह कम बोलता है और कई बार मौन रहकर भी वह संवाद साध लेता है। अनुभव बताता है कि मौन कई बार बहुत बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। इसके विपरीत अगर कोई आदत से मजबूर होकर एक के बदले दस जवाब देता है और कहता है कि मैं चुप क्यों रहूं, किसी से दबकर क्यों रहूं? तो वह बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है।मौन की अपनी, अनुपम अभिव्यक्ति होती है, जो किसी भाषा की मोहताज नहीं होती।अक्सर लोग वाणी के विराम को ही मौन समझते हैं। लेकिन किसी व्यक्ति के मन में संकल्पों की उथल-पुथल हो रही हो, किसी अन्य व्यक्ति के प्रति उसके मन में द्वेष भावना का ज्वार-भाटा उठ रहा हो, या उसके भीतर कोई और वासना धधक रही हो, तो क्या यह मौन कहा जाएगा? कहते हैं कि पानी-सा रंगहीन नहीं होता मौन, आवाज की तरह इसके भी हजार रंग होते हैं। मन और वाणी, दोनों का शांत होना ही पूर्ण मौन कहा जाता है। मुख के मौन को बाह्य मौन कहा जाता है तथा मन का मौन अंतः मौन। एक कहावत है कि मीठा बोलना जितना सुखकारी है, उतना ही कम बोलना भी लाभकारी है। पर हमें यह समझ भी होनी चाहिए की जहां मौन रहना चाहिए, वहां बोलकर अपने लिए झमेला कभी खड़ा नहीं करना है।मौन हमारे मस्तिष्क के सभी स्नायुओं और इंद्रियों को संयमित रखता है। चुप रहने से वाणी और वाणी के साथ खर्च होने वाली मस्तिष्क की शक्ति संचित होती है। तभी तो कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने मुख और जबान पर संयम रखता है, वह अपनी आत्मा को कई संतापों से बचाता है। मौन में रहकर ही हम जीवन जगत के गूढ़ और सत्य पहलुओं का साक्षात्कार कर सकते हैं। जिस उत्तम धारणा से इतने लाभ प्राप्त होते हों, तो क्यों न हम उसको अपने जीवन का अंग बना लें?

साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता साधना से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव की करें तो,मौन धारण करना एक बड़ी साधना है.यह हमारे सोचने समझ ने की शक्ति को बढ़ाता है.इसलिए साधना के सभी पंथ मौन की महत्ता को स्वीकार करते है.मनोविज्ञानी और करियर विशेषज्ञ भी स्मरण शक्ति बढ़ाने,एकाग्रता,शांति और सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन धारण करने की सलाह देते हैं जब हम कुछ समय मौन रहते तो स्वयं से बात करते हैं आत्म मंथन करते हैं इससे नयी मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है. इस छोटे-से उपाय से आप अपने जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।(1)नकारातमकता का दूर होना,हमारी जो संस्कृति है उसमें सिर्फ उत्पादकता की बात की जाती है हमेशा पूछा जाता है कि आपने अपने परिवार,समाज,देश के लिए क्या किया या आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं इस सवाल के मूल में एक ही तत्व रहता है - क्या किया जा सकता है? मौन हमें इससे आजादी दिलाता है कई बार यह एकांत ही बहुत ज्यादा उत्पादक हो जाता है।(2) क्या हम दस दिन तक मौन रहने के बारे में सोच सकते हैं? बहुत से लोगों के लिए यह पानी पर चलने जैसा है लेकिन विपासना के शिविर में यह होता है इसमें भाग लेने वालों को लिखने-पढ़ने तक की मनाही होती है वह एक-दूसरे से आइ कांटैक्ट भी नहीं कर सकते एक बार वैज्ञानिकों का दल विपासना के इस तरह के शिविर में शोध के लिए गया था उन्होंने पाया कि चुप रहने से हमारी संवेदनशीलता बढ़ने लगती है दृष्टि में,सोच में,भावनाओं में समाहित हो जाती है।(3)विद्वानों का मानना है कि हम निराशावादी इसलिए हो जाते हैं क्योंकि हम भविष्य में जीते हैं जो सिर्फ एक भ्रम है मौन हमें वर्तमान में लाता है जहां हम खुशी का अनुभव करते हैं मौन की मदद से ही हम भविष्य के भ्रम से निकलने में कामयाब हो सकते हैं।(4) डॉक्टरों की माने तो मौन एकांत में किसी प्राकृतिक स्थान पर टहलने का एक अलग आनंद है वैज्ञानिकों का मानना है कि मौन से हमारे दिमाग के उस हिस्से का विकास होता है जो हमारी याददाश्त को मजबूत करता है प्रकृति के करीब रहने से हमारी स्थान संबंधी याददाश्त तेज होती है विशेषज्ञ मानते हैं कि एकांत मौन में दिमाग शांत रहता है वह यादों को सहेजने का काम करता है।(5) एक्शन को मिलती है मजबूती मनोविश्लेषक केली मैकगोनिगल का मत है कि जब हम मौन रहते हैं तभी दिमाग में सकारात्मक विचार आते हैं जिसे बाद में हम अमल में लाते हैं इससे हमारे भीतर सकारात्मक प्रवृत्ति बढ़ती है।(6)जब कभी भी हम अपने बच्चों या प्रियजनों पर सख्ती करते हैं तो बाद में पछताते हैं यह तभी होता है जब हम बिना सोचे-समझे यह करते हैं यहीं पर मौन काम करता है वह हमें जागरूक करता है सचेत करता है इससे हमारी गतिविधियां हमारे नियंत्रण में रहती हैं जब हम जागरूक रहते हैं तब हमारे ऊपर हमारा नियंत्रण रहता है किसी बाहरी चीज से हम प्रभावित नहीं होते यह शक्ति हमें मौन से मिलती है।(7)दिगाम भी तेज होता है शरीर का सबसे जटिल और ताकतवर हिस्सा दिमाग है.जिस तरह से मांसपेशियों को कसरत करने से फायदा पहुंचता है, वैसे दिमाग को मौन से फायदा होता है मौन एक तरह से दिमाग की कसरत है मान लें कि आप किसी शांत जगह पर ध्यान के लिए बैठे और तभी आपको खुजली होने लगती है विशेषज्ञ मानते हैं कि आपको खुजली नहीं करनी चाहिए इससे आपको व्यवधान में भी ध्यान लगाने की आदत पड़ जायेगी इससे एकाग्रता बढ़ती है।

साथियों बात अगर हम मौन वह एकाग्रता को सभी मानवीय गुणों में सर्वोपरि की करें तो, मौन रहना सभी गुणों में सर्वोपरि है। मौन का अर्थ है संयम के द्वारा धीरे–धीरे इन्द्रियों तथा मन की कार्यपद्धति को संयमित करना। समस्त सिद्धियों के मूल में मौन ही है। जैसे निद्रा से उठने पर शरीर, मन एवं बुद्धि में नई स्फूर्ति दिखाई देती है वैसे ही मौन रहने पर सर्वदा वही स्फूर्ति शरीर के साथ मन एवं बुद्धि में बनी रहती है। ग्रह शांति के लिए मौन धारण कर मानसिक जप करना सर्वश्रेष्ठ माना गया है।भगवान श्रीकृष्ण नेश्रीमद्भगवत गीता में वाक्संयम को तप की संज्ञा दी है। मौनव्रत से गंभीरता आत्मशक्ति तथा वाकशक्ति में वृद्धि होती है। मौन से तात्पर्य है बिना दिखावे के सेवा करना। मौन रहना सभी गुणों में सर्वोपरि है। मौन का अर्थ है संयम के द्वारा धीरे–धीरे इन्द्रियों तथा मन की कार्यपद्धति को संयमित करना। समस्त सिद्धियों के मूल में मौन ही है। जैसे निद्रा से उठने पर शरीर, मन एवं बुद्धि में नई स्फूर्ति दिखाई देती है वैसे ही मौन रहने पर सर्वदा वही स्फूर्ति शरीर के साथ मन एवं बुद्धि में बनी रहती है। मौन रहने से आध्यात्मिक शक्तियों का विकास तो होता ही है,साथ ही शरीर में ऊर्जा भी संग्रहित होती है। प्रतिदिन कुछ समय मौन रहकर अपनी आत्मशक्ति का विकास कर अपनी आत्मा के निकट आंतरिक संवाद, ध्यान अवश्य करना चाहिए। अगर प्रतिदिन कुछ समय के लिए मौन व्रत न धारण कर पाएं तो सप्ताह में एक दिन कुछ समय के लिए अथवा माह में एक दिन मौन व्रत अवश्य रखना चाहिए। नीति शास्त्रों में कहा गया है कि विद्वान चुप रहते हैं, समझदार बोलते हैं और अज्ञानी अकारण बहस करते हैं, इसलिए जीवन में अकारण वाद–विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर कभी–कभी मौन धारण करना भी फायदेमंद रहता है। मौन धारण करने से न केवल आध्यात्मिक लाभ है, बल्कि मनोवैज्ञानिक, वैज्ञानिक और ज्योतिषीय लाभ भी हैं।मौन धारण कर हम अपनी ऊर्जा को बिखरने से रोकते हैं जिसके कारण आवश्यक कार्यों के लिए ऊर्जा संचित हो जाती है। अक्सर देखा गया है, जो लोग जरूरत के समय ही बोलते हैं अथवा अधिकांश समय मौन धारण कर लेते हैं, वे अपने विचारों और शब्दों पर नियंत्रण रखने में परिपक्व हो जाते हैं, जिसके कारण किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा से मन दु:खी नहीं होता है। मौन के द्वारा क्रोध पर भी नियंत्रण पाया जाता है तथा वाणी दोष से भी बचा जा सकता है। साथियों बात अगर हम मन के एकाग्रता के विमुख होने के कारणों की करें तो, मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति–भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्राय: गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है।

मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार–बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना। इसी तरह स्वामी विवेकानंद जी एकाग्रता की महत्ता को बताते हुए कहते हैं कि अगर मुझे जीवन में एक बार फिर से शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मेरे मन के अनुसार मिला तो तथ्यों का अध्ययन तो कदापि नहीं करूंगा। तब मैं मन की एकाग्रता और अनासक्ति की सामर्थ्य बढ़ाऊंगा। इसमें पारंगत हो जाने के पश्चात अपनी इच्छा अनुसार तत्वों का संकलन करूंगा। इस तरह उन्होंने भी मन की एकाग्रता पर जोर दिया है। जिसने भी अपने मन को साध लिया, उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए।

साथियों बात अगर हम मौन धारण करने के महत्व की करें तो, मौन धारण करने का महत्वआज हम जिस युग में जी रहे हैं, उसमें टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां लोग एकांत की खोज में लगे रहते वो खुद को इन्ही टेक्नोलॉजी को कहीं गुम कर देते हैं। लेकिन मौन को मन में बैठाने की दिशा में पहला कदम यह है कि आप अपने मानसिक स्वास्थ्य को अन्य सभी पहलुओं से बढ़कर समझें और फिर उन तकनीकों को शामिल करने का सचेत प्रयास करें जो आपको मौन रहने की आत्मीय उदारता और शक्ति का अनुभव करने की अनुमति दे।गाड़ियों के बेतहाशे हॉर्न से लेकर आस–पास बजने वाले म्यूजिक, ऑन–डिमांड शो और लोगों की चटर–पटर से लेकर आपकी बिल्डिंग के ऊपर से उड़ते हुए हवाई जहाज की आवाज तक हर तरफ एक घना शोर है।

## उदय किशोर साह



### कदम तो आगे बढ़ा

कविता

तकदीर को कोसने से बेहतर है
कर्मों की तस्वीर उकेरा जाय
मिहनत की नीर से सींच सींच कर
सफलता की फसल को तोड़ा जाय
जीवन में हर कार्य कठिन जरूर है
पर आगे चलने का प्रयास .तो करें
मंजिल की नगरी दूर खड़ी है
निरन्तर हमारी कदम आगे तो बढ़ें
जिसने मिहनत को आत्मसात किया
उनकी कदम सफलता ने चूमा है
मिहनत के साथ जो विश्वासघात किया
खुद के किस्मत पे घर बैठ रोया। है
नदियाँ हमें सिखलाती है हर पल
बहना चलना है हमारी ये काम
पत्थर भी आ जाये गर पथ पर
खोज लें दुसरी राहजो है यहाँ तमाम
चट्टानों के बीच नदियां कब झुकी है
खोज लेती है अन्य दुसरी आयाम
कर्मवीर का नहीं है झुकना जीवन में
भले रोड़ा खड़ी हो सामने तमाम
मंजिल उसने ही पाया है जग में
जो मिहनत को आत्मसात है किया
उनके ही घर दीप जले हैं यहाँ
जिसने दीप को प्रज्जवलित है किया
आलस को घर से खदेड़ कर भगा दो
ये सबसे बड़ा हमारा दुश्मन है
मिहनत को हथियार बना लो
सफलता पाने की ये गारंटी है

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ठंड के मौसम में इन हिल स्टेशनों पर जम गई है बर्फ, बच्चों को दिखाएं स्नोफॉल का अद्भुत नजारा



कई हिल स्टेशनों पर क्रिसमस यानी की 25 दिसंबर के आसपास स्नोफॉल होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हिमाचल प्रदेश की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्फबारी देखने का लुत्फ उठा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में पहाड़ों पर घूमने का अपना ही मजा होता है। लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर बर्फबारी का नजारा देखने को मिल जाए। वहीं बच्चे हों या बड़े सभी लोगों को लाइफ में एक बार स्नोफॉल देखने का मन जरूर होता है। ऐसे में अगर आपको भी स्नोफॉल देखना है, तो आप हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड या जम्मू-कश्मीर घूमने का प्लान बना सकते हैं। कई जगहों पर बर्फबारी हो चुकी है। वहीं कई हिल स्टेशनों पर क्रिसमस यानी की 25 दिसंबर के आसपास स्नोफॉल होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हिमाचल प्रदेश की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्फबारी देखने का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मनाली**

इन दिनों आपको हिमाचल के मनाली में भी बर्फबारी देखने का मौका मिल जाएगा। जो भी लोग क्रिसमस के मौके पर घूमने जाना चाहते हैं, वह लाइव स्नोफॉल का मजा उठा सकते हैं। मनाली में बर्फबारी को लेकर एक ओर लोकल लोग काफी खुश हैं और वहां पर सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी है। अगर आप अभी भी मनाली जाते हैं, तो आप वहां पर बर्फबारी का नजारा देख सकते हैं।

**खजियार**

आकर्षक परिदृश्य और आभा के लिए फेमस खजियार बर्फबारी देखने के शौकीन लोगों के लिए जन्नत से कम नहीं है। इसको भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। यह हिल स्टेशन शानदार पहाड़ों और हरे-भरे जंगलों से घिरा है। सर्दियों में मौसम में यह जगह बेहद हसीन लगती है।

**नारकंडा**

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए आप नारकुंडा भी आ सकते हैं। यह हिमाचल के सबसे अच्छे स्कीइंग स्थलों में से एक है। शिमला शहर से करीब 60 किमी दूर स्थित यह जगह आपको ढेर सारे यादगार एक्सपीरियंस दे सकता है। आप बर्फबारी देखने के अलावा स्नो एक्टिविटी और सफेद बर्फ की चादरों से ढके परिदृश्य के बीच अन्य एक्टिविटी में शामिल हो सकते हैं।

**रोहतांग ला**

जब भी हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी देखने की बात होती है, तो सबसे पहले रोहतांग ला का नाम सामने आता है। लाशों के मैदान के रूप में फेमस यह जगह स्लेज घाटियों, गर्म पानी के झरनों और स्की क्षेत्रों से भरा है। यह एडवेंचर प्रेमियों के लिए पसंदीदा जगह है। अगर आप भी हिमाचल के रोहतांग ला आने का प्लान कर रहे हैं, तो ताजा अनुभव के लिए आपको छोटे शहर वशिष्ठ और हडिंबा मंदिर जरूर घूमने जाना चाहिए।

# मुरादाबाद की प्रमुख सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 25 वां सम्मान समारोह मनाया

**वेलकम इंडिया**




**मुरादाबाद।** मुरादाबाद की प्रमुख सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था गत 24 वर्षों से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विभिन्न महानुभावों को सम्मानित करती है इस वर्ष संस्था द्वारा 25वां सम्मान समारोह दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम देवी सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर हरबंस दीक्षित कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ के. के. मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश रस्तोगी एवं रवि अरोरा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथि गण का स्वागत करते हुए डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा साल भर में अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं तथा यह संस्था सन 1966 ई से मुरादाबाद शैली की रामलीला के मंचन में निरंतर सक्रिय है। जिसकी पूरे देश के अंदर भूरि भूरि प्रशंसा की जाती है। इस वर्ष नाट्य विधा के क्षेत्र में पारसी रंगमंच सम्राट मास्टर फिदा हुसैन नरसी स्मृति सम्मान रामानंद वाजपेई को, ज्योतिष के क्षेत्र में पंडित वाचस्पति शर्मा स्मृति सम्मान सम्मान अचल दीक्षित को, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कमला शर्मा स्मृति सम्मान मेजर डॉ मीनू मेहरोत्रा को, प्रख्यात रंगकर्मी बलवीर पाठक स्मृति सम्मान राजेश सक्सेना को, कविता के क्षेत्र में माहेश्वर तिवारी स्मृति सम्मान योगेंद्र वर्मा व्योम को, शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर महेंद्र प्रताप स्मृति सम्मान राजीव कुमार शर्मा को, समाज सेवा के क्षेत्र में वीरेंद्र कुमार अरोरा स्मृति सम्मान डॉ बृजपाल सिंह यादव को, पत्रकारिता के क्षेत्र में कमलेश कुमार स्मृति सम्मान कुमार देव को, संगीत के क्षेत्र में बृज गोपाल व्यास स्मृति सम्मान ज्ञानचंद शर्मा को तथा रामायण वाचन में सुधीश व्यास स्मृति सम्मान सुधा सक्सेना को प्रदान किया गया। सम्मान के रूप में सम्मान पत्र के साथ-साथ स्मृति चिन्ह, श्रीफल , मोतियों की माला तथा शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरवंश दीक्षित जी ने इस अवसर पर कहा कि संस्था के द्वारा इस प्रकार के कार्य किया जाना वास्तव में प्रशंसनीय है।कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ के. के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्था अपने क्रियाकलापों से समाज को सकारात्मक दिशा की ओर ले जा रही है। विशिष्ट अतिथि राजेश रस्तोगी ने संस्था को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के अच्छे कार्यों से संस्था का समाज में मानऔर सम्मान बहुत बढ़ रहा है । इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, शरद चतुर्वेदी, सतीश कुमार शर्मा, राजदीप शर्मा, जीवन लता शर्मा, सुरभि शर्मा, निलय कौशिक, सुनील कुमार शर्मा, संजीव आकांक्षी, प्रमोद रस्तोगी, राधेश्याम शर्मा, अभिनव कौशिक, चंचल शर्मा, प्रथम कौशिक केशव कौशिक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट श्रीराम शर्मा ने किया।कार्यक्रम के अंत में निखिल भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया।

# आग लगने के कारण लाखों का सामान जलकर खाक



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद के ग्राम हुसैनपुर औरंगाबाद में उसे वक्त अफरा तफरी मच गई जब चौधरी हाकम अली के घर पर रात लगभग 11:30 बजे आग लग गई जिसमें प्लास्टिक की कीरेट और मछली पकड़ने के जाल जलकर खाक हो गए और टंकी में रखा अनाज भी जलकर खाक हो गया जिसकी कीमत लगभग 125000 के करीब बताई जा रही है ग्राम प्रधान द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी गई जिसका क्षेत्रीय लेखपाल ने मुआयना करा आग छत के जरिए लगी है लेकिन आग लगने का कारण पता नहीं लग पाया है

# मात्र 13 घंटे में लूट की घटना का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर शहजाद पुत्र खुर्शीद निवासी न्यू सीलमपुर दिल्ली ने थाना कोतवाली देहात पर तहरीर दी कि दिनांक 12-12-2025 को अभियुक्त साजिद द्वारा उसे स्कैप दिखाने के लिये बुलाया गया था। सौदा होने पर दिनांक 13-12-2025 को वह अपने एक साथी के साथ रुपये लेकर स्कैप खरीदने ग्राम हसनपुर आया था ।जहां अभियुक्त साजिद द्वारा अपने अन्य 03 साथियों के साथ मिलकर उसेसे रुपए, मोबाइल फोन छीन लिये गये। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- मु0अ0स0 965/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के क्रम में स्वाट टीम, थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर द्वारा मात्र 13 घंटे में घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त साजिद पुत्र आजाद नि0 मौ0 वंशीधर कस्बा व थाना जहांगीराबाद बुलन्दशहर रविन्द्र पुत्र श्री राजवीर सिंह नि0 ग्राम हीरापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर

मनोज पुत्र चरन सिंह नि0 ग्राम हीरापुर थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जें से लूटे गये 01 लाख 98 हजार रुपये, वादी मोबाइल, घटना में प्रयुक्त गाडी व अवैध असलहा कारतूस बरामद किया गया।अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# आर्य समाज के वार्षिक उत्सव का समापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर** : क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर में आर्य समाज के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन कार्यक्रम में उपस्थित हुए सैकड़ो जिले के आर्य समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

गौरतलब है कि 12 दिसंबर को ग्राम इस्माइलपुर के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ बहुत-बहुत धन्यवाद से किया गया था।जिसका समापन 14 दिसंबर रविवार को आर्य (हिन्दू) सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। आर्य समाज इस्माइलपुर चांदपुर के इस वार्षिक उत्सव में प्रसिद्ध भजनोंपदेशक भीष्म आर्य, उपदेशिका छवि आर्या, ओम प्रकाश आर्य और नरेंद्र आर्य ने सत्य सनातन वैदिक धर्म के अनेक नियमों के विषय में एवं धर्म के अनेक बिंदुओं पर भजनोपदेश व प्रवचन कर ईश्वर के स्वरूप को समझाया।

इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज के संरक्षक रणधीर सिंह आर्य, आर्य समाज इस्माइलपुर के प्रधान दीपक कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार आर्य, उप प्रधान उदयवीर आर्य, उप मंत्री अमित आर्य व ग्राम प्रधान रामवीर आर्य ने समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से संयुक्त रूप से किया। आर्य समाज के वार्षिक उत्सव में उपस्थित हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के प्रांत सहसंयोजक संग्राम सिंह ने आज सनातन धर्म में परिवार की समस्या को सुधारने और परिवारों को संयुक्त बनाने के विषय में विस्तार से चर्चा की व उन्होंने कहा कि आज भारत के सभी धार्मिक संगठन एक होकर अपनी सनातन संस्कृति को बचाने और उसका संवर्धन करने का प्रयास कर रहे हैं। आर्य समाज इस्माइलपुर के 86 में वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन के हवन के बाद आर्य समाज जिला बिजनौर के सभी पदाधिकारीयों की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई इसमें आर्य समाज के उद्देश्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने समाज में चल रही कुरीतियों को खत्म करने देश व धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहने पर चर्चा हुई। आर्य समाज इस्माइलपुर के वार्षिक उत्सव में सभी ग्राम वासियों ने व क्षेत्र वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति गंगा में डुबकी लगाई।

# मालागढ़ स्थित आदर्श जनता उच्च माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल में फर्जी तरीके से सहायक अध्यापक की नियुक्ति का बड़ा मामला

**वेलकम इंडिया**




बुलंदशहर में मालागढ़ स्थित आदर्श जनता उच्च माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल में फर्जी तरीके से सहायक अध्यापक की नियुक्ति का बड़ा मामला सामने आया है। सीडीओ की जांच में पूरे प्रकरण का फजीर्वाड़ा उजागर होने के बाद अब इसकी शिकायत सीधे शासन स्तर पर की गई है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कठोर कार्रवाई की मांग भी की है। सूत्रों के मुताबिक, जूनियर हाईस्कूल की प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष छिद्दा सिंह के बेटे सुरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि स्कूल की प्रबंध समिति का कार्यकाल जून 2016 में ही समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद कालातीत प्रबंधक सोमचंद्र शर्मा और स्कूल प्रधानाचार्य सतीश चंद्र शर्मा ने षड्यंत्र के तहत सहायक अध्यापक उत्तम कुमार शर्मा की अवैध नियुक्ति कर दी। शिकायतकर्ता का कहना है कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद 2017 तक डीआईओएस कार्यालय के साथ पत्राचार चलता रहा, लेकिन चुनाव प्रक्रिया न होने के बावजूद स्कूल प्रशासन ने मनमाने तरीके से नियुक्ति कर ली। मामले की शिकायत पर तत्कालीन सीडीओ ईशा दुहन के निर्देश पर जांच कराई गई।जांच रिपोर्ट में सहायक शिक्षक की नियुक्ति में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।इसके बाद डीआईओएस कार्यालय को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए, लेकिन आरोप है कि पूरा मामला फाइलों में दबा दिया गया। अब इस पूरे मामले की दोबारा शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है, जिसके बाद उच्चस्तरीय कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं बीएसए लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया की जांच चल रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रकरण की विवेचना के लिए एक विशेष कमेटी गठित की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधानसभा स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन अनूपशहर में किया गया



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर दो दिवसीय विधानसभा स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन। विधान सभा स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत रविवार को विधानसभा अनूपशहर की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन डी.बी.पी.एस. पीजी कॉलेज अनूपशहर के खेल मैदान पर किया गया। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सांसद डॉ.भोला सिंह जी लोकसभा बुलंदशहर एवं सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र काली,जहांगीराबाद चेयरमैन किशनपाल लोधी, मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता के संयोजक अभय गर्ग,सी. पी. सिंह,ब्लॉक प्रमुख अनूपशहर चौधरी अतुल कुमार सिंह, दिनेश कुमार, रामपाल सिंह, विकास सूर्यवंशी, अफजल गाजी, नेमपाल सिंह, हमनिधि , योगेश शर्मा, भूपेंद्र लोधी, नरेश तायल, टेक चंद सैनी, गौरव गौड़, चौधरी मनोज कुमार,पराग गर्ग, बिंदु सैफी आदि अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। खेल कूद प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, कुश्ती,फुटबॉल बालक/बालिका वर्ग में , खो खो बालिका वर्ग में, कबड्डी बालक वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिताएं का संचालन जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रिय युवा कल्याण अधिकारी राजकमल, शुभम राणा, अंकित भाटी, व्यायाम प्रशिक्षक दीपक कुमार द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिता मंडलीय उपनिदेशक ₹माई भारत₹ आकर्ष दीक्षित,माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# समाज व संगठन के लोगों ने प्रधान को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**बुगरासी।** गौ सेवक व संगठन के लोगों द्वारा किये गये दौरे में कस्बा नगर पंचायत बुगरासी को प्रथम व गांव रवानी कटीरी की गौशाला को द्वितीय नंबर देकर सम्मानित किया।सर्वेक्षण में गौवंश के रख-रखाव, खानपान व उनके स्वास्थ्य सहित सफाई पर सहयोग की अपील भी की। समाजसेवियों द्वारा गौशालाओं की व्यवस्थाओं के सुधार हेतू निरंतर प्रयास जारी है। जागरूकता का परिचय देते हुए गौशाला के केयर टेकर और प्रधानों के उत्साहवर्धन को सम्मानित किया।

रविवार को न्यू हिंदू समाज संगठन के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विपिन त्यागी के नेतृत्व में टीम व अन्य संगठन के गौसेवकों द्वारा बुगरासी क्षेत्र की गोशालाओं का सर्वेक्षण किया।बताया कि बुगरासी नगर पंचायत चैयरमैन ओमदत्त लोधी व रवानी कटीरी के माजरा रूखी गांव में रिंकू उर्फ मुकेश गिरी द्वारा बेहतरीन देखरेख की जा रही है।समय पर हरे चारे, भूसा व रातिब की व्यवस्था सहित चिकित्सा देखरेख और सफाई पर निरंतर बल दिया जा रहा है। गौसेवा की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था देख गदगद हुए किसान व संगठनों की टीम द्वारा रवानी कटीरी प्रधान को फूलमाला और पटका व चित्र देकर सम्मानित किया। आपको बता दें कि अव्वल दर्जा प्राप्त बुगरासी के बाद रूखी की गौशाला को द्वितीय स्थान की चर्चा आम है।

भगवानपुर प्रभु कुटी के स्वामी श्री स्वरूपानंद गुजराती बाबा के नेतृत्व में गौशाला के लिये प्रतिदिन पच्चीस किलो खल पहुंचायी जा रही है। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ संजय गोस्वामी, गौरक्षक डां अमित लोधी, रोहित, टिंकू, हरीश शर्मा, हिंदू युवा वाहिनी मंडल उपाध्यक्ष सुंदर सिंह राजपूत, समाजसेवी जयनंद त्यागी, केयर टेकर महेश व विनोद गिरी, सोनू गिरी, प्रधान रिंकू उर्फ मुकेश गिरी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बूथ एजेंटों के साथ एसआईआर को लेकर की बैठक आयोजित




**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर सिकंदराबाद एसडीएम ने एसआईआर पूर्ण कराने को लेकर बूथ एंजेटों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश। आपको बता दे कि आजकल एसआईआई का कार्य बहुत जोरों पर चल रहा है। तमाम प्रशासन इस कार्य में जुटा हुआ है इसी को जल्द पूर्ण कराने को लेकर प्रशासनिक अधिकारी बार-बार बैठक कर बीएलओ व बूथ एजेंट को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे है। उसी क्रम में आज 13 दिसंबर 25 शनिवार को उ0प्र के जिला बुलंदशहर के तहसील सिकंदराबाद एसडीएम दीपक कुमार पाल ने गणना पत्र जल्द भरवाने व बीएलओ की मदद करने व कराने को लेकर बूथ एजेंटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और कहा की एसआईआर के कार्य में सुधार करने व तेजी लाने की आवश्यकता है। इस मौके पर बूथ एजेंट एवं संबंध अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्विरोध चुने जाने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला।भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन पर्व के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु पंकज चौधरी के निर्विरोध चुने जाने के उपलक्ष्य में रविवार को भारतीय जनता पार्टी जनपद बुलंदशहर के जिला कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर लखनऊ में हो रही विधिवत घोषणा एवं कार्यक्रम का जिला कार्यालय पर लाइव प्रसारण सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से सुना। जैसे ही श्री पंकज चौधरी जी के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा हुई, कार्यकताओं में हर्ष एवं उत्साह की लहर दौड़ गई।इसके साथ ही लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में जनपद बुलंदशहर के प्रांतीय परिषद के सदस्यों ने भी सहभागिता कर संगठन के इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा, पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चयन यह दशार्ता है कि संगठन ने उनके अनुभव, कार्यकुशलता और समर्पण पर पूर्ण विश्वास जताया है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी।



# पेड़ से टकराई कार, दिल्ली के दो नौजवानों की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** किठौर-परीक्षितगढ़ मार्ग पर रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में दिल्ली के दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक अपने दोस्त की शादी में शामिल होने दिल्ली से मेरठ जनपद के किठौर क्षेत्र आ रहे थे।

हादसा रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे किठौरझपरीक्षितगढ़ मार्ग पर आरके ईंट भट्टे के पास हुआ। दिल्ली के महरौली निवासी अख्तर रजा, यासीन, शाहनवाज और आसिफ मारुति इगनिस कार (संख्या ऊछ-12 उर-3516) से बोंद्रा गांव जा रहे थे। कार को आसिफ चला रहा था। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लिपटिस के पेड़ से जा टकराई।टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को किठौर के 50 शैय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अख्तर रजा को मृत घोषित कर दिया।अन्य तीन घायलों यासीन, इमरान और आसिफ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर यासीन ने भी दम तोड़ दिया। आसिफ और इमरान की हालत अभी नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

बताया गया है कि किठौर के बोंद्रा गांव निवासी इमरान पुत्र सगीर की बारात रविवार शाम करीब पांच बजे मेरठ के लिसाड़ी रोड स्थित नूरनगर जानी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन हादसे की खबर मिलते ही खुशियों का माहौल गम में बदल गया। दोस्तों के गंभीर रूप से घायल होने और दो की मौत की सूचना मिलने पर इमरान गहरे सदमे में है।

# ब्लाइंड मर्डर का हुआ खुलासा पति-पत्नी को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस एवं जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने गन्ने के खेत में सूटकेश में मिले एक अज्ञात महिला के शव की गुत्थी सुलझाते हुए एक महिला सहित दो अभियुक्तों (पति-पत्नी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन सहित कुल 03 मोबाइल फोन, 02 कैश मीमो बुक तथा हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल डण्डा बरामद किया गया है।

पूछताछ में अभियुक्तों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। अभियुक्त पति-पत्नी द्वारा झारखण्ड से असहाय एवं गरीब परिवारों की युवतियों/महिलाओं को बहला-फुसलाकर लाया जाता था और उन्हें मेड़ (घरेलू कामगार) के रूप में दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में भेजा जाता था। मृतका सोनिया भी इसी गिरोह का शिकार बनी थी। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त अंकित द्वारा मृतका सोनिया के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया तथा उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई गई। जब सोनिया ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत कर अभियुक्त को जेल भिजवाने की धमकी दी, तो दोनों पति-पत्नी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को सूटकेश में बंद कर गन्ने के खेत में फेंक दिया।

# वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



संदीप तिवारी वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर वाराणसी में रविवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम पर आयोजित वार्षिकोत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह का का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शेषबाला वर्मा उप प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान मिजार्पुर, विशिष्ट अतिथि मनोज श्रीवास्तव प्रोफेसर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अनुपमा वर्मा प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल खरगूपुर, अंजू सिंह प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल गोरखपुर माफी, शिवनारायण सिंह खंड विकास अधिकारी चोलापुर, अवधेश कनौजिया प्रकाशन, प्रशिक्षण एवं शोध अधिकारी राज्य हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश वाराणसी डॉ. अनिता गिरि प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर वाराणसी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्राओं तुलसी, जाह्नवी, सिमरन, कनकलता, नैंसी सिंह, साक्षी, आकांक्षा, अंजली यादव प्रियांशी सृष्टि मौर्य कनक रोशनी सिमरन जानवी यादव प्रिया इत्यादि छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। करियर गाइडेंस को लेकर पंख पत्रिका का विमोचन माननीय अतिथियों के उपस्थिति में हुआ। शिक्षिका रंजना दुबे व प्रशस्ति मिश्रा को राज्य टीएलएम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने के लिए विद्यालय में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अनिता गिरि ने तथा संचालन रंजना दुबे ने किया। इस अवसर पर सरिता चंद्रिका अंजू यादव, नंदिता, आरती कुमारी डॉ. रीता राय, डॉ. विशालाक्षी देवी, अर्चना चौबे, अनुरमा शास्त्री, प्रशस्ति मिश्रा , अभिषेक सिंह, सुधा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर

**मथुरा।** श्याम स्टील मैन्युफैक्चरिंग लि0, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों की सेवार्थ निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 15 दिसम्बर से 25दिसम्बर 2025 तक श्रीजी बाबा आश्रम, भूतेश्वर, मथुरा में किया जा रहा है।ऑपरेशन हेतु भर्ती 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से की जाएगी। निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श में नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद, परवाल, कालापानी आदि रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क रूप से सम्पन्न किए जाएंगे। ऑपरेशन के योग्य पाए गए नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई है। भर्ती किए गए नेत्र रोगियों के ऑपरेशन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न किए जाएंगे। नेत्र रोगी ऑपरेशन कराने हेतु अपने साथ राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं पहचान पत्र की फोटो कॉपी अवश्य साथ लेकर आएं। आयुष्मान, दीनदयाल उपाध्याय और सभी सरकारी कार्डधारकों के लिए हमारे हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। नेत्र रोगी ऑपरेशन कराने हेतु आधार कार्ड एवं राशन कार्ड, मोबाइल नंबर अपने साथ अवश्य लाएं।

### परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति को बताया अव्यावहारिक

**मथुरा।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के शासनादेश से भारी नाराजगी है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने इस पर घोर आपत्ति जताते हुए इसे अव्यावहारिक बताया है।उधर, जिले में शासनादेश का जबरदस्ती पालन कराने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के जिला अध्यक्ष अंशुल गौतम ने कहा कि शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर जनपद स्तर से लेकर शासन तक किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिक्षकों को जबरदस्ती हर स्तर की सरकारी योजनाओ को जन जन तक पहुंचाने और बीएलओ जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है,जिससे शिक्षण व्यवस्था गड़बड़ा जाती हैं।विभाग द्वारा शिक्षक -शिक्षिकाओ को समय से सीसीएल और मेडिकल अवकाश तक नहीं मिलता हैं इसके लिए भी ब्लॉक से लेकर मुख्यालय तक परेशान होना पड़ता हैं। ऐसे में बिना व्यवस्थाएं सुधारे ऑनलाइन हाजिरी लागू करना व्यावहारिक नहीं है। वही जिला मंत्री प्रशांत सारस्वत ने कहा हैं कि दूर-दराज क्षेत्रों में जहां नेटवर्क की समस्या है, वहां ऑनलाइन उपस्थिति कैसे सुनिश्चित होगी।वही जिला कोषाध्यक्ष जतिन ने कहा की हमारी मूलभूत समस्याओ और मांगो पर किसी का कोई ध्यान नहीं हैं बल्कि जबरदस्ती ऑनलाइन उपस्थिति लगाने का आला अफसरों द्वारा दबाब बनाकर जबरदस्ती की जा रही हैं जब तक हमारी समस्याओ का मांगे पूरी नहीं होती हैं तब तक हम इसका घोर विरोध करेंगे।

### गांधी स्मारक इंटर कॉलेज मे साइबर क्राइम पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**हापुड़।** गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, मुजफ़्फ़रा बागड़पुर में शनिवार को साइबर क्राइम विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाना और उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना रहा। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को 11 दिसंबर को प्रतियोगिता की सूचना दी गई थी।इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विषय पर गहन तैयारी करते हुए साइबर अपराध से जुड़ी नई-नई जानकारियां जुटाईं और प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि आज के समय में पढ़े-लिखे लोग भी साइबर अपराधियों की चाल में फंस जाते हैं, जबकि साधारण और ग्रामीण परिवेश के लोग इसके प्रति और अधिक असुरक्षित हैं।विद्यार्थियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रहा है, लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव में यह सुविधा कई बार वरदान के साथ-साथ अभिशाप भी बन जाती है। प्रतियोगिता के माध्यम से सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

# पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर जिला प्रवक्ता ने दी हार्दिक बधाई



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** पंकज चौधरी जी को लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश का नवनिर्वाचित अध्यक्ष घोषित किया गया। उनके निर्वाचन पर मथुरा महानगर के कार्यकताओं में उत्साह का संचार हो गया।

कार्यकताओं ने उत्साह से जश्न मनाया। पंकज चौधरी को अध्यक्ष मनोनीत होने पर जिला प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी मनीष चतुर्वेदी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दे कर आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण किया। जिला प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा नए कीर्तिमान स्थापित करेगी, युवा व्यापारी भाजपा नेता मनीष चतुर्वेदी ने कहा कि पंकज चौधरी के मनोनयन ने पूरे प्रदेश के कार्यकताओं को गौरवान्वित किया है।इस अवसर पर कार्यकताओं व व्यापारी समाज के द्वारा आतिशबाजी कर बाजार में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ हिंदूवादी नेता प्रयागनाथ चतुर्वेदी,जिला प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ,युवा व्यापारी भाजपा नेता मनीष चतुर्वेदी बृजेंद्र गुर्जर ,मृदुल अग्रवाल प्रेस वाले सुरेंद्र चतुर्वेदी,ललित नथानी सिंधी समाज अध्यक्ष ,तुषार ठाकुर पप्पू ठाकुर, सोनू भाटिया , बबलू गुर्जर , किशन अग्रवाल जीतू सिंघल आदर्श सक्सेना नीरज चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# मां भद्रकाली महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

- विधायक सुरेश गढ़िया ने किया महोत्सव का शुभारंभ
- महोत्सव समिति को विधायक ने दी डेढ़ लाख की विधायक निधि



वेलकम इंडिया

**कांडा।** तीन दिवसीय मां भद्रकाली महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया है।महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि भद्रकाली मंदिर को मानसखंड मंदिर श्रृंखला से जल्द जोड़ा जाएगा।भद्रकाली मंदिर में आने वालेभक्तों को मंदिर में धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से पर्याप्त सुविधाएं मिले, फील्ड का सौंदर्यीकरण, सहित मंदिर को भव्य बनाने हेतु अपने स्तर से कोई कोरकसर नही छोड़ने की बात कही। मंदिर को मानस खंड क्षेत्र में जुड़ने से पर्यटकों की आवक भी बढ़ेगी,साथ ही पलायन पर भी रोक लगेगी और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। यह महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए समिति द्वारा दी जा रही सभी मांगो पर उन्हें भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

राइंका सानीउडियार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि सरकार महोत्सवों, मेलों व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। यह हमारी धरोहर है। इसके संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने महोत्सव समिति को अपनी विधायक निधि से डेढ़ लाख रुपये देने की घोषणा की। आयोजकों ने विधायक से पुस्तकालय बनाने की मांग की। जिस पर उन्होंने जल्द उचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख दीपा देवी ने कहा कि कांडा कमस्यार में दस दिन तक लगातार महोत्सव आयोजित होंगे। उन्होंने सभी लोगों से महोत्सवों का शांतिपूर्ण ढंग से आनंद उठाने की अपील की।इससे पहले आयोजकों ने मां भद्रकाली मंदिर से सानीउडयार महोत्सव स्थल तक जय माँ भद्रकाली,की अर्चना करते हुए कलश यात्रा निकाली, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपिक परिधान पहनकर भाग लिया। समिति अध्यक्ष केवलानंद पांडेय ने समिति पदाधिकारियों सदस्यों के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव के कार्यक्रमों का संचालन दरपान सिंह, नरेन्द्र राठौर ने किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने कुमाउंनी, गढ़वाली, नेपाली गीतों में कार्यक्रम पेश किए।इस मौके पर हीरा सिंह कर्म्याल, निर्मल साह, सतीश कुमार, नरेंद्र राठौर, कुंदन धामी, दरपान सिंह, राजेंद्र सिंह, हीरा बल्लभ जोशी, संतोष रौतेला, नारायण सिंह धामी, गौरव, होशियार धामी, भगवान सिंह, महेंद्र बोरा, अजय कुमार, हरीश डसीला अनिल रौतेला कुंदन बोरा आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर विषय पर भाजपा की हुई बैठक




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** भाजपा जिला कार्यालय सभागार में नगर मण्डल भाजपा की संगठनात्मक वैठक हुई। बैठक में सँगठनात्मक रूप से विभिन्न बूथों में बूथ पालकों, बूथ प्रभारी, सहित सँगठन की मजबूती हेतु कार्य करने, भाजपा द्वारा सबसे पहले देश भर में जारी होने वाले एसआईआर विषय विषय पर विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल थे। बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार ने सभी कार्यकताओं को बैठक की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता नगर मण्डल विवेक तिवारी ने की।

बैठक में जिला महामंत्री ने प्रदेश सँगठन द्वारा मिले आदेश पर प्रत्येक मंडल में कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदार कार्यकताओं को दायित्व दिए जाने, साथ ही प्रत्येक बूथ में बूथ प्रभारी, बूथ पालकों की नियुक्ति किए जाने और सँगठन कि मजबूती और आमजन तक सरकार और सँगठन कि उपलब्धियों को पहुँचाने की बात कही।बैठक में नगर मण्डल प्रभारी सविता नगरकोटी वरिस्ठ भाजपा नेत्री उमा गुरानी,, जिला मन्त्री विमला कपकोटी,भाजपा मीडिया प्रभारी प्रकाश शाह, पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा

आर्या, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश तिवारी,पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद,आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन नगर महामन्त्री पंकज मेहता व पंकज टम्टा ने किया।

# 23 से 25 दिसंबर तक आयोजित होगा कमस्यार महोत्सव



वेलकम इंडिया

**कांडा।** कमस्यार महोत्सव समिति की रविवार को राइंका देवतोली में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विगत वर्षों की भांति महोत्सव को और अधिक आकर्षक और भव्यता से आयोजित किए जाने पर सहमति बनी। महोत्सव समिति ने बैठक कर आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की। तय किया गया कि इस बार तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ वालीबाल प्रतियोगिता, रस्साकस्सी, ब्लड डोनेशन, पौधरोपण कार्यक्रम आकर्षण होगा। कमस्यार गौरव सम्मान के साथ ही क्षेत्रीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। रन फॉर कमस्यार मैराथन दौड़ होगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

इस मौके पर संरक्षक मनोहर रौतेला, संयोजक सुरेश रावत, सहसंयोजक दीपक रौतेला, क्षेत्र पंचायत सदस्य कुशाल धानिक, नंदन रौतेला, सुनील रावत, महेश राठौर, गोविंद कुमार साहनी, गोकुल नगरकोटी, पूरन भौर्याल, सुनील साह, राजेंद्र खाती, रणजीत भंडारी, हरीश डसीला, अनिल रौतेला, मनोज राठौर आदि मौजूद रहे।

# कोहरे से यूपी के हाईवे बने जानलेवा, कई की मौत, सैकड़ों घायल : पं. गोपाल शर्मा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में जारी भीषण शीत लहर के चलते वायु प्रदूषण और घना कोहरा आम जनजीवन के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। इसी के कारण प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल होकर अस्पतालों में भर्ती हैं।

ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने जारी एक बयान में कहा कि एनएच-9 सहित अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद, बुलंदशहर और खुर्जा क्षेत्रों में घने कोहरे के कारण वाहनों की आपस में टक्कर की कई घटनाएं सामने आई हैं। इन हादसों में निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जो अत्यंत दुःखद और चिंताजनक है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की जाती है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए, हाईवे व प्रमुख मार्गों पर रिफ्लेक्टर, शाइन बोर्ड, संकेतक और स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था की जाए तथा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाए, ताकि लोग

# युवा संगठन में बड़ा फेरबदल, हापुड़ के दो युवा नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** युवा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए नई नियुक्तियाँ की गई हैं। इन नियुक्तियों को संगठन के विस्तार और मजबूती की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।इस क्रम में आशीष त्यागी, पुत्र प्रदीप त्यागी, निवासी फॉर्म संख्याझ69, सर्वोदय कॉलोनी, यशोदा रोड, हापुड़ को संगठन में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मयंक डागर, पुत्र

जगबीर सिंह डागर, निवासी आवास विकास कॉलोनी, मेरठ रोड, हापुड़ को जिला अध्यक्ष (युवा), हापुड़ के पद पर नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त नेताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन युवाओं के हितों की आवाज को मजबूती से उठाएगा और संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा।इस अवसर पर मनजीत चौधरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), जावेद जरोदिया राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव नीरज गुर्जर संस्थापक सदस्य एवं अन्य संस्थापक सदस्यों ने भी दोनों नेताओं को बधाई दी।

# दरोगा के खेत से गन्ने की खड़ी फसल चोरी



**बुलंदशहर।** दरोगा के खेत से गन्ने की खड़ी फसल चोरी।खेत से गन्ने की हरी भरी फसल को चोरी कर चोर फरार।दरोगा की पत्नी सरिता ने बीबीनगर पुलिस से की फसल चोरी की शिकायत। दरोगा सतेंद्र कुमार ने खेत से गन्ने की फसल चोरी के बाद खेत की वीडियो बनाकर की सोशल मीडिया पर वायरल। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की है। दरोगा ने बीबीनगर पुलिस पर लगाया समझौता के लिए दबाव बनाने का आरोप।बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव चितसोना की घटना।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन खलीलाबाद तहसील इकाई का गठन सम्पन्न, अतीक अहमद निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुने

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की खलीलाबाद तहसील इकाई का पुनर्गठन रविवार को खलीलाबाद ब्लाक सभागार में पूर्व निर्धारित बैठक में किया गया। इस संगठनात्मक बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि वरिष्ठ और लोकप्रिय पत्रकार अतीक अहमद को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर उपस्थित पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति उनके समर्पण, नेतृत्व और सक्रिय भूमिका की सराहना की।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए और नए सत्र के कार्य-योजनाओं पर विस्तार से बातचीत की गई। क्षेत्र के सभी पत्रकारों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी के रूप में बस्ती मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पवन श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है। लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। पत्रकारिता के कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कीजिये। ग्रामीण पत्रकारिता ही ग्रामीण समाज की आवाज है और पत्रकारों की एकजुटता संगठन को मजबूत बनाती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी और संचालन मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने की।

जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि संगठन अनुशासन, एकता और पारदर्शिता पर आधारित है। उन्होंने अतीक अहमद को बधाई देते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन के सदस्यों ने उन्हें अध्यक्ष चुना है, वह इस बात को दशार्ता है कि उनका नेतृत्व न केवल लोकप्रिय है बल्कि संगठनात्मक मजबूती का भी केंद्र है।

मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि संगठन ने जो कार्यक्रम दिए हैं सभी तहसील अध्यक्ष उसे सफल बनाने में पूरा सहयोग करें।

अतीक अहमद ने अपने संबोधन में सभी पत्रकार साथियों का आभार जताया और कहा कि उनका प्रयास हमेशा यही रहा है कि पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और संगठन को हर स्तर पर मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार कई चुनौतियों का सामना करते हैं—सूचना तक सीमित पहुँच, तकनीकी संसाधनों की कमी और कई बार जोखिमपूर्ण स्थितियाँ भी—ऐसे में संगठन का मजबूत रहना आवश्यक है। उन्होंने वादा किया कि आने वाले कार्यकाल में भी पत्रकारों की सुरक्षा, प्रशिक्षण और संगठनात्मक विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों की भूमिका लोकतंत्र में स्तंभ के समान है। उन्होंने युवाओं को आधुनिक तकनीक और डिजिटल पत्रकारिता को अपनाने की सलाह दी ताकि ग्रामीण क्षेत्र की खबरें समयबद्ध और सटीक रूप से सामने आ सकें। उन्होंने संगठन को भविष्य में प्रशिक्षण शिविर, डिजिटल वर्कशॉप और पत्रकार हितैषी कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

# पुलिस ने की दुष्कर्म के आरोपी के घर की कुर्की

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बा निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को कैराना के एक होटल में ले जाकर अपने दोस्त को सौंप दिया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, और मौके से फरार हो गया था। पीड़िता ने अपने पति और उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दूसरा आरोपी तभी से फरार चल रहा है।

पुलिस ने फरार आरोपी के घर की कुर्की कर सामान कैराना कोतवाली में जमा कर दिया है।कस्बा के मोहल्ला इदरीश बेग विहार निवासी विवाहिता ने मार्च 2025 को कैराना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरे पति रिजवान और पड़ोस के ही नदीम पुत्र अलमू की गहरी दोस्ती है। आरोप है कि पीड़िता के पति रिजवान ने पीड़िता को कैराना के महाराजा होटल में ले जाकर अपने दोस्त नदीम को सौंप दी थी। आरोप है कि नदीम ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि नदीम तभी से फरार चल रहा है। रविवार को कैराना कोतवाली उप निरीक्षक इंतजार, हेड कांस्टेबल रिंकू मलिक, राहुल, हेड कांस्टेबल ललित शर्मा व महिला हेड कांस्टेबल पायल त्यागी के साथ कस्बे के मोहल्ला इदरीश बेग विहार कॉलोनी में स्थित नदीम के मकान पर पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस के द्वारा नदीम के मकान का सामान अपने कब्जे में कर लिखा पढ़ी कर कैराना कोतवाली में जमा करा दिया है।

## सार संक्षेप

### जंगल में ले जाकर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट



**कांधला। (मोहसिन रहमानी )** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी एक युवक के साथ दो लोगों ने जंगल में ले जाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की मारपीट में पीड़ित घायल हो गया। घायल ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी शुभम ने बताया कि, गांव के दो युवक उसे बुलाकर जंगल में ले गए आरोपीयों ने पहले तो उसके साथ गाली गलौज की, और जब पीड़ित ने विरोध किया तो एक आरोपी ने गले में रस्सी डाल दी और दूसरे ने डंडा मार कर घायल कर दिया। आरोपीले युवक को जंगल में छोड़कर फरार हो गए पीड़ित ने किसी तरह मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। घायल के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल है रेफर कर दिया। पीड़ित घायल ने थाने पर पहुंचकर आरोपी दोनों को के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तारीफ प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट दो महिला घायल



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां में पटटो की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो महिलाओं के साथ कई लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिलाओं ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गढ़ी मियां निवासी महिला वकीला, पत्नी शफी, वह हसीबा पत्नी फाजिल ने बताया की गांव के बाहर उनकी पटटो की जमीन है, जिस पर गांव के कुछ दबंग लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पूर्व में भी कई बार दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसका मामला तहसील कैराना में एसडीएम कोर्ट में चला था। कोर्ट में कई साल मुकदमा चलने के बाद उनके हक में फैसला आया था। आरोप है कि रविवार को आरोपी दोबारा से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे जब महिलाओं ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की और दोनों महिलाओं को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। दोनों महिलाओं ने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मुस्कान को मिला डॉ. संदीप का सहयोग व आशीर्वाद बोलीं बेटी समझकर दिया सम्मान हमेशा याद रहेगा

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति में शहर मिनर्वा निवासी मुस्कान कुशवाहा को उनके विवाह के अवसर पर संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया। मुस्कान के पिता भगवान दास कुशवाहा सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे इस परिवार के लिए विवाह की तैयारियों का चुनौतीपूर्ण समय था।

डॉ. संदीप सरावगी ने मुस्कान को ट्रॉली बैग, किचन सेट और साड़ी प्रदान करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा हर बेटी हमारे समाज की शक्ति है।

मुस्कान जैसी सरल और संस्कारी बेटियों को सहयोग दे पाना मेरे लिए सौभाग्य है। भगवान से प्रार्थना है कि उनका जीवन खुशियों से भरा रहे। उपहार और सम्मान पाकर मुस्कान भावुक हो गईं। उन्होंने कहा पापा ठेला लगाते हैं, शादी की तैयारियों में बहुत दिक्कतें थीं। आज मिला यह सहयोग सिर्फ सामान नहीं, बल्कि हमारे परिवार को मिला आत्मविश्वास है। संदीप सर ने बेटी जैसा स्नेह देकर हमारा हौसला बढ़ाया है।

कार्यालय में मौजूद लोगों की आँखे भी नम हो गईं जब मुस्कान ने कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन दोनों परिवारों को आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# झांसी से हाई कोर्ट तक का सफर तय करने के बाद हुआ चुनाव

वेलकम इंडिया




**झांसी।** सन फ्रंट सिटी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन समिति का चुनाव संपन्न होने के बाद आज नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की इस दौरान अध्यक्ष विनय उपाध्याय ने कहा कि समिति का चुनाव करना इतना आसान नहीं था इसके लिए झांसी से लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट तक का सफर तय करना पड़ा इसके बाद प्रशासनिक चुनाव कमेटी के निर्देशन में यह चुनाव संपन्न हो पाया।

उन्होंने सोसायटी के ऊपर पूर्व का कर्ज चुकाने के लिए ब्याज मुक्त नीति अपनाकर वसूली कार्यक्रम चलाने की भी बात कही।इसके साथ ही सोसाइटी के अंदर मूलभूत सुविधाओं का बखूबी ख्याल रखा जाएगा।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रमोद शिवहरे ने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को निर्वाचित होने पर बधाई दी।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सदर विधायक पत्नी सुनीता शर्मा व बेटे परम शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम मौजूद रहे।

### कुलदीप गुड्डू ने छोड़ी भाकियू चढूनी थामा भाकियू अराजनैतिक का दामन

**बुलंदशहर।** चौधरी कुलदीप गुड्डू एनसीआर अध्यक्ष व सुदेश प्रधान जिला अध्यक्ष किसान व्यापार प्रकोष्ठ जिला बुलंदशहर के पद पर थे लेकिन दोनों ने अपने पद से व भारतीय किसान यूनियन चढूनी को छोड़कर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता ग्रहण की है कार्यक्रम चौधरी कुलदीप गुड्डू के आवास पर हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी रहे। जिला बुलंदशहर के कार्यकताओं के साथ भारतीय किसान यूनियन चढूनी को छोड़ कर कुछ बड़े पदाधिकारी के अनुरोध पर अन्य जिलों के कार्यकताओं को आज हम इस्तीफा नहीं दिवा रहे हैं भविष्य में पूरे प्रदेश में भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकर्ता पदाधिकारी भारतीय किसान यूनियन चढूनी से इस्तीफा देने का कार्य करेंगे चौधरी कुलदीप गुड्डू ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन चढूनी से जो पदाधिकारी कार्यकर्ता संगठन छोड़ रहे हैं।

# चिन्मय हनुमान चालीसा महिमा ज्ञान यज्ञ का सफल समापन




वेलकम इंडिया

**झांसी।** चिन्मय मिशन झांसी के ज्ञान यज्ञ समापन दिवस पर दीप प्रज्वलन श्री कुंज बिहारी गुप्ता एड, गोपाल शरण गोयल, समाज सेविका रजनी गुप्ता, शीला गुप्ता, संयोजक श्री आर पी गुप्ता और संगठन सचिव मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया।

चिन्मय मिशन झांसी के तत्वाधान में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ मे इंद्र कुमार पांडे, सीता देवी शर्मा, एम एल सिरौठिया, आशीष श्रीवास्तव, एस के मिश्रा, संगीता गुप्ता, ओ पी गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, सरिता अग्रवाल, अशोक अग्रवाल पी एन बी, प्रदीप बिल्लटिया, आर बी गुप्ता, गोपाल कृष्ण बंसल, बीना बंसल, ज्योति साहू, आर पी शर्मा, मिथलेश पटवारी, राजेन्द्र पटवारी, आर पी मोदी, ललित मोहन गुप्ता अशोक बिलगाइयाँ, आर सी गुप्ता, सन्ध्या शर्मा, निर्मला शर्मा, रवींद्र त्रिपाठी,दीप्ति विश्वकर्मा, अनुज गिरी, ब्रिज मोहन खरया,यश गिरी जगदीश सरावगी, रीना गिरी, जानकी विश्वकर्मा केदार पहारिया, मोहन दास गुप्ता, राम श्री गुप्ता, वीरेन्द्र सेठ सौरभ विश्वकर्मा , सविता साहू, शोभा अग्रवाल, सुरेश अत्रि, प्रेमलता अत्रि, डॉ जय राम लोहिया, शशि लोहिया, शिला गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल सहित अनेक साधक एवं चिन्मय बाल विहार के अनेक बच्चे उपस्थित रहे।

# वाराणसी की बेटी विजयता सचदेवा को किया जायेगा यूपीएए पुरस्कार सम्मान से सम्मानित

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी



**वाराणसी।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वाराणसी की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री विजयता सचदेवा को उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एकेडमी द्वारा प्रतिष्ठित 32वां यूपीएए पुरस्कार 2025 प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें खेल, कला, संस्कृति एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एकेडमी पिछले दो दशकों से कला, संस्कृति, पर्यटन और फिल्म के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में निरंतर सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, जिससे प्रदेश की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। यूपीएए पुरस्कार उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को दिया जाता है जिन्होंने कला, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा, खेल, सिनेमा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से समाज और देश का नाम रोशन किया है।

# हिन्दी भवन में साहित्य, सेवा ,पत्रकारिता और साहस का संगम

वेलकम इंडिया/डॉ.शंभू पंवार

**नई दिल्ली।** सविता चड्ढा जन सेवा समिति, दिल्ली द्वारा हिन्दी भवन में आयोजित शिल्पी चड्ढा स्मृति सम्मान समारोह साहित्य, सेवा, साहस और पत्रकारिता के क्षेत्र में निस्वार्थ योगदान देने वाली विशिष्ट हस्तियों के सम्मान का साक्षी बना। अपनी दिवंगत पुत्री शिल्पी चड्ढा की स्मृति में वर्ष 2017 से आरम्भ किए गए इन सम्मानों ने इस वर्ष भी सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों को नई ऊर्जा प्रदान की।

समारोह का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान ह्लहीरों में हीरा सम्मानह्व दिल्ली पुलिस की लेडी सिंघम सब-इंस्पेक्टर किरण सेठी को उनके अदम्य साहस और सेवा भावना के लिए प्रदान किया गया। डॉ. कविता मल्होत्रा को उनकी पुस्तक के लिए शिल्पी चड्ढा स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया, जिनको सम्मान स्वरूप ?5100 की राशि भी प्रदान की गई। गीतकार श्री सम्मान से श्रीमती उमंग सरीन तथा वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार -विचारक डॉ. शंभु पंवार को वैश्विक स्तर पर सार्थक और मूल्यपरक पत्रकारिता के लिए श्रेष्ठ श्री पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह की संस्थापक अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम साहित्यकार डॉ.सविता चड्ढा ने देशभर से पधारे लेखकों, कवियों एवं साहित्यकारों का स्वागत करते हुए साहित्य के प्रति अपने सतत समर्पण को रेखांकित किया। इस अवसर पर चयनित पुस्तकों के लेखकों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से आशमा कौल (रिश्तों के महीन रेशे), अर्चना कोचर (माँ से निर्ममता तक), आमोद कुमार



(आंसू की कीमत केवल आंसू है), डॉ. रेखा मित्तल (नेह के धागे), नाजनीन अंसारी (ज़िंदगी हर पल मुस्कुराना), ज्योति स्वरूप (ज़िंदगी कैसे जियें), डॉ. मेघा अग्रवाल (ख्वाबों का गलियारा), मधु सक्सेना (चुटकी भर), सुनीला नारंग (मेरी आकांक्षा), सविता स्याल (प्रकृति का श्रृंगार), डॉ. यति शर्मा (संबंधों का धर्मशास्त्र), कुमार सुबोध (रिपोर्ताज) एवं रीटा सक्सेना (अनुभूति) शामिल रहीं।इसके अतिरिक्त साहित्य,कला ओर पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्य सेवा सम्मान से सुभाष श्रीवास्तव, जगदीश मीणा, शकुंतला मित्तल, डॉ. कविता सिंह प्रभा एवं हिन्दी की गूंज की संपादक रमा शर्मा को सम्मानित किया गया।

समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों—प्रदीप गौतम सुमन, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज शिव कुमार कोहली, डॉ. मुक्ता (पूर्व निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी), डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति, डॉ. राम अवतार शर्मा ह्यआलोकह्न, अनीता सेठी वर्मा, एम.एम. शर्मा, कुलीना कुमारी सहित अनेक लेखकों, पत्रकारों एवं संपादकों का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार डॉ. संजीव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि वैश्विक हिन्दी परिवार के मानद निदेशक विनय शील चतुर्वेदी रहे। समाजसेवी इंद्रजीत शर्मा एवं वैश्विक हिन्दी परिवार के संस्थापक अनिल जोशी,रमा शर्मा,जापान की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊँचाई प्रदान की।कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन शिक्षाविद् डॉ. कल्पना पाण्डेय ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अंजु कवात्रा, डॉ. गीतांजलि नीरज अरोरा गीत एवं डॉ. कल्पना पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के कुशल संयोजन में सोनल चड्ढा, सैयद अली अख्तर एवं शुचिता प्रकाश का योगदान उल्लेखनीय रहा।देश भर से पधारे साहित्यकारों, कवियों और लेखकों की सशक्त उपस्थिति ने इस आयोजन को एक स्मरणीय, भावपूर्ण और भव्य साहित्यिक उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

### गैस गीजर बना जानलेवा, 15 वर्षीय किशोरी की मौत

**बुलंदशहर।** गैस गीजर बना जानलेवा, 15 वर्षीय किशोरी की मौत कोतवाली नगर क्षेत्र के देवीपुरा प्रथम में गैस गीजर की वजह से बड़ा हादसा सामने आया है। घर के बाथरूम में नहाते समय गरिमा (उम्र 15 वर्ष) गैस गीजर से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गई। परिजन आनन-फानन में किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।यह घटना गैस गीजर की खतरनाक लापरवाही की एक और चेतावनी है।

# अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम की हुई मुठभेड़

**वेलकम इंडिया**

**सिकन्द्राबाद/बुलंदशहर/सिकंद्राबाद** थाना पुलिस टीम गुलावठी अण्डरपास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक संदिग्ध कार आती हुई दिखाई दी जिसको रूकने का इशारा किया गया, नही रुकी तथा तेजी से काबरा रोड की तरफ भागने लगी। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर कोहरे में पेड़ से टकरा गयी अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। *घायल बदमाश की पहचान नवनीत चिकारा पुत्र कुशलपाल उर्फ सुरेन्द्र निवासी ग्राम अघैड़ा थाना परतापुर जनपद मेरठ हाल पता ग्राम मदनपुर चौकी क्षेत्र खुर्जा जंक्शन थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर व गिरफ्तार बदमाश की पहचान मनीष पुत्र गौरीलाल जिन्दल निवासी ग्राम गैझा थाना परतापुर जनपद मेरठ के रुप में हुई हैं।



घायल बदमाश को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व लूटी हुई स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त नवनीत चिकारा आदतन शातिर किस्म का अंतर्जनपदीय कुख्यात अपराधी हैं जो शराब पीकर शौकिया तौर पर अपराध करता है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 12.11.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति से स्विफ्ट डिजायर कार लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 1086/25 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत हैं तथा उक्त बदमाशों द्वारा पूर्व में भी विभिन्न जनपदों में लूट/हत्या की घटना कारित की गयी है जिसके सम्बंध में दर्जनों अभियोग पंजीकृत है।



# शिकारपुर में दो दिन से घने कोहरे असर जन जीवन प्रभावित




**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** रविवार को सर्दी के दूसरे दिन भी घने कोहरे का आलम नजर आया। सर्द मौसम में शनिवार रविवार को अल्प सुबह कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी रही। कोहरे के कारण ठंड बढ़ गई है। लगभग 11:00 बजे कोहरे छटने पर धूप से लोगों को राहत मिली। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह सर्दी का पहला और रविवार को दूसरे दिन भी कोहरा देखने को मिला। सुबह के समय जैसे ही लोग सो कर उठे तो घना कोहरा छाया था। दिसंबर का दूसरा सप्ताह पूरा हो गया है और ठंड बढ़ने लगी है। शनिवार रविवार को सुबह कोहरा छा गया सड़कों पर कोहरे की धुंध हो जाने से वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही। वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर गुजरना पड़ा। कड़ाके की ठंड के कारण लोग घरों में कैद रहने को विवस रहे। शाम के समय ठंड के बढ़ने के कारण व्यापारी जल्दी दुकान बंद करके घर चले गए। पुलिस और प्रशासन ने वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। वाहन चालकों को सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है।

# जनपद में गठित 12 क्रिटिकल कोरिडोर टीम (सी सी टीम ) द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही की गयी



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** रविवार को जनपद में गठित 12 क्रिटिकल कोरिडोर टीम (सी सी टीम) द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। सभी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेकिंग की गई।अभियान के दौरान सी. सी. टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों बिना हेलमेट / सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने आदि के विरुद्ध चालान व आवश्यक कार्यवाही की गई।सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की गई तथा रात्रि में दुर्घटना से बचने के लिए गन्ने से लदे ट्रैक्टर-ट्राली आदि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत संवेदनशील मार्गों पर सीसी टीम द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही हैं। सीसी टीम द्वारा किए गए इस प्रवर्तन अभियान का उद्देश्य जनपद में दुर्घटनाओं की रोकथाम करते हुए सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करना है। बुलन्दशहर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती हैं कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में सहयोग दें।

## टोल प्लाजा पर इमरजेंसी वाहन निकलने की नहीं है कोई व्यवस्था भाकियू महाशक्ति उठाएगी आवाज

बुलंदशहर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने बताया है कि सिकंदराबाद लुहारली टोल प्लाजा पर आयदिन दो किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई थी इमरजेंसी में एम्बुलेंस भी नहीं निकल पाएगी एनएचआई ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई है इमरजेंसी एंबुलेंस निकल सके इतनी बुरी दुर्दशा आज तक नहीं देखी जितनी लुहारली पर बने नए टोल प्लाजा की है जल्द भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह इस संबंध में जल्द संबंधित अधिकारियों से करेंगे वार्ता और इमरजेंसी एंबुलेंस के लिए सुरक्षित लाइन छुड़वाने की मांग करेंगे जिससे एम्बुलेंस इमरजेंसी डायरेकट मरीज को लेकर निकल सके।

# ट्रॉली से गिरकर युवक की मौत, ट्रैक्टर चालक हिरासत में

**वेलकम इंडिया**

**खतौली।** नेशनल हाईवे चीतल कट पर ट्रॉली पर खड़े युवक आदित्य (20) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजकर ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। मंडी थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी जितेंद्र अपने चचेरे भाई आदित्य को साथ लेकर मोदीपुरम क्षेत्र में ईंट डालने के लिए गया था। वापस लौटते समय आदित्य ट्रॉली पर खड़ा हो गया। ट्रैक्टर ट्रॉली जब नेशनल हाईवे पर चीतल कट पर पहुंची तो जितेंद्र खतौली की ओर ट्रैक्टर लेकर जाने लगा। ओवरब्रिज के नीचे ट्रैक्टर के मुड़ते ही ट्रॉली के पीछे खड़ा आदित्य अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरा। हादसे में वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने एंबलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।




हादसे में आदित्य की मौत की जानकारी मिलने पर गांव के काफी लोग थाने पहुंचे। इस मामले में आपस में समझौते की बात चल रही थी। पुलिस ने बताया कि शव को मोर्चरी भेजकर ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में कोई शाम तक कोई तहरीर नहीं दी गई।

# एमआईपीएल की ऑक्शन नाइट में नीलामी को उतरे खिलाड़ी

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में होने वाली मुजफ्फरनगर इंडस्ट्रीयल प्रीमियर लीग (एमआईपीएल) टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रविवार रात ऑक्शन नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें छह टीमों के 72 क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन के लिए देर रात तक बोली लगी। चयनित खिलाड़ी फरवरी माह में अहलावत क्रिकेट अकादमी खतौली में खेल के जौहर दिखाएंगे। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमियों की ओर से मुजफ्फरनगर इंडस्ट्रियल प्रीमियर लीग-2 का आयोजन फरवरी में होगा। खिलाड़ियों का चयन नीलामी प्रक्रिया से किया जाएगा। रविवार रात मेरठ रोड स्थित एक होटल पर आक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें फेडरेशन से जुड़े सदस्य खिलाड़ियों ने भाग लिया। आक्शन नाइट के दौरान फेडरेशन आफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमी मौजूद रहे। ऑक्शन नाइट में छह टीमों के चयन के लिए 72 खिलाड़ी पहुंचे।

# नगर पालिका सभागार में खोला रैन बसेरा, व्यवस्थाएं पूर्ण



**वेलकम इंडिया**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद के सभागार में रैन बसेरा खोला गया है, जिसमें सभी व्यवस्थाएं पूर्ण की गई हैं। रैन बसेरे में पांच बैड डाले गए हैं, जिस पर कंबल, गद्दे और लिहाफ रखा गया है। निराश्रित लोगों को ठंड से बचाने लिए पालिका सभागार में खोले गए रैन बसेरे में तमाम व्यवस्थाएं पूर्ण की गई हैं। जिसमें 24 घंटे कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। पानी, शौचालय का प्रबंध किया गया है। रैन बसेरे में ठहरने वाले व्यक्ति का पूरा ब्योरा दर्ज करने के लिए एक रजिस्टर रखा गया है। इसके अलावा पालिका सभागार के सामने अलाव की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका ईओ राजीव कुमार ने बताया कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए, इसके लिए सभी सफाई नायकों को निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को चार कर्मचारियों की टीम का गठन किया जाएगा। टीम सार्वजनिक स्थानों, सड़क किनारे खुले में सोने वाले लोगों को रैन बसेरा में लेकर आएगी। तीन दिन पूर्व हरिद्वार निवासी दीपक, राहुल रैन बसेरा में एक रात के लिए ठहरे थे। दोनों व्यक्ति मंडी में किसी कार्य से आए थे।

# हिंदू लड़के से तलाक पर शरई अदालत के बाहर हंगामा

**वेलकम इंडिया**

**मुजफ्फरनगर।** शामली कोतवाली के नानूपुरा मोहल्ले की रहने वाली अनम ने थानाभवन के रहने वाली रणवीर से प्रेम-प्रसंग के बाद कोर्ट मैरिज कर ली। परिजन बेटी को तलाक के लिए शहर के खालापार की उमर मस्जिद में संचालित होने वाली शरई अदालत में लेकर जाने लगे। विवाहिता ने शरई अदालत के बाहर हंगामा किया। इस बीच उसका पति पुलिस लेकर पहुंच गया। अनम की इच्छा पर पुलिस ने उसे पति के साथ भेज दिया। नानूपुरा की अनम और थानाभवन थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर के रहने वाले रणवीर के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसी साल चार जून को दोनों घर छोड़कर चले गए और पंजाब के जालंधर में कोर्ट मैरिज कर ली थी। दो माह तक दोनों जालंधर में रहे। प्रकरण का शामली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जानकारी मिलने पर परिजन जालंधर पहुंचे और कुछ दिन साथ रखने की बात कहते हुए अनम को घर ले आए थे। अनम के परिजनों ने तलाश के लिए शरई अदालत में मामला दर्ज कराया। रविवार को मां हाजरा, चचेरा भाई और नाना अनम को लेकर सुनवाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अनम ने मजिस्द के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर काफी लोग एकत्र हो गए। इसी बीच रणवीर भी खालापार थाने से पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचा। पहले अनम के परिजनों ने मामला घरेलू होना बताकर निबटारा करना चाहा लेकिन पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई।

# 100 से अधिक उद्यमियों पर कर निर्धारण की तैयारी

**वेलकम इंडिया**

**मुजफ्फरनगर।** गांव सूजड्डु के नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद उसके रक्बे में आ रही औद्योगिक इकाइयों पर कर निर्धारण की तैयारी शुरू कर दी गई है। पालिका क्षेत्र में आने वाली करीब 100 औद्योगिक इकाइयों को कर निर्धारण विभाग की ओर से नोटिस जारी किये गए हैं। इनमें स्वकर प्रणाली के तहत औद्योगिक इकाई से संबंधित सूचनाएं मांगी गई हैं। विस्तारीकरण के चलते शहर से सटे 11 गांव नगर पालिका क्षेत्र में शामिल

**100**

**से अधिक औद्योगिक इकाइयां संचालित हो रही हैं**

हो गए थे। इसके बाद से गांव सूजड्डू सहित नव विस्तारित क्षेत्र में लगी औद्योगिक इकाइयों पर गृहकर की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। गांव सूजड्डु के क्षेत्र में ही 100 से अधिक औद्योगिक इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिन पर व्यवसायिक श्रेणी का भवन कर लगाए जाने की तैयारी है। नगर पालिका कर निर्धारण अधिकारी की ओर से सूजड्डु क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को पालिका अधिनियम 1916 की धारा-158 के तहत नोटिस जारी कर सूचना मांगी जा रही है, जिनसे व्यवसायिक भवनों का मूल्यांकन कर गृहकर आदि की कार्रवाई की जाए। साथ ही सूचनाएं उपलब्ध न कराने पर पालिका की ओर से एक तरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# छोटी उम्र में बड़ी उपलब्धि, अक्षित शर्मा ने अंडर-15 शतरंज फेस्टिवल में प्रथम स्थान पर किया कब्जा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शतरंज केवल शह और मात का खेल नहीं बल्कि यह बच्चों और युवाओं के लिए रणनीति, तर्क, निर्णय क्षमता और मानसिक संतुलन का पाठ भी पढ़ाता है। इसी खेल के माध्यम से युवा अपनी सोचने की क्षमता, धैर्य और रचनात्मकता को निखारते हैं। इस बार ग्लोबल स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित अंडर-15 चेस फेस्टिवल 2025 में डीपीएसजी मेरठ रोड गाजियाबाद के 15 वर्षीय अक्षित शर्मा ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया और 26 प्रतिभागियों के बीच प्रथम स्थान हासिल कर अपनी और स्कूल की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई दी। रविवार को नोएडा एक्सटेंशन के सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल, टेक जोन में आयोजित इस फेस्टिवल में आठ प्रतिष्ठित स्कूलों के युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल पांच राउंड में चले रोमांचक मुकाबलों के बाद अक्षित शर्मा ने 4.5 अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी ठोस रणनीति और मानसिक दृढ़ता के दम पर युवा प्रतिभाओं के बीच दबदबा बनाया। अक्षित शर्मा की यह उपलब्धि न केवल उनके माता-पिता के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि उनके सहपाठियों और स्कूल के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी है। दूसरे स्थान पर अरव सक्सेना रहे, जिन्होंने भी 4.5 अंक अर्जित किए, लेकिन टाई-ब्रेक के आधार पर उन्हें दूसरा स्थान दिया गया। तीसरे स्थान पर आर्श पसरीचा रहे, जिन्होंने 4 अंक अर्जित किए। इस तरह प्रतियोगिता में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ी अपनी रणनीति और खेल की समझ से दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहे।

प्रतियोगिता में कुल 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें वंश यादव, सोहम मित्तल, ऋतिक श्रीवास्तव, कौस्तुभ तिवारी, माहित सिंघल और रचित माडेशिया जैसे युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल थे। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई, बल्कि खेल के प्रति अनुशासन, मानसिक संतुलन और निर्णय लेने की क्षमता का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-15 चेस फेस्टिवल की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि आठ स्कूलों से आए प्रतिभागियों के बीच डीपीएसजी मेरठ रोड गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व केवल अक्षित शर्मा ने किया, और उन्होंने अपनी शानदार जीत से अपने माता-पिता, स्कूल और खुद का नाम रौशन किया। अक्षित ने अंतिम राउंड में निर्णायक जीत हासिल करके प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान पक्का किया, जो उनके धैर्य और खेल में निरंतरता का प्रमाण है।

अक्षित शर्मा की सफलता के पीछे उनकी कठिन मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण मुख्य कारण रहे। उनके कोच अभिमन्यु पोद्दार और परिवार ने बताया कि अक्षित नियमित अभ्यास, खेल के नियमों और रणनीतियों पर विशेष ध्यान देते हैं। यही कारण है कि इतनी छोटी उम्र में उनके नाम 50 से अधिक मेडल और ट्रॉफी दर्ज हैं। प्रतियोगिता के दौरान अरव सक्सेना और आर्श पसरीचा के बीच भी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। उनके बीच के मैच ने दर्शकों और प्रतियोगियों के लिए उत्साह और रोमांच को बढ़ाया। हर राउंड में खिलाड़ी अपनी रणनीति और चालबाजी से प्रतिद्वंदियों को चुनौती देते नजर आए। प्रतियोगिता के आयोजक शशांक कुमार और चीफ ऑर्बिटर अनिशा सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन युवा खिलाडियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल का अनुभव लेने, अपनी तकनीक को निखारने और मानसिक संतुलन बनाए रखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को खेल की आत्मा और अनुशासन का पालन करना सीखना चाहिए, और यह फेस्टिवल इन्हीं मूल्यों को बढ़ावा देने का एक आदर्श मंच बन गया।

डिप्टी चीफ ऑर्बिटर विवेक मित्रा ने भी प्रतियोगिता की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अक्षित शर्मा जैसे खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में खेल की गुणवत्ता और रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे प्रतिभागियों की क्षमता और कौशल का वास्तविक आकलन किया जा सका। इस प्रतियोगिता ने यह भी साबित किया कि शतरंज जैसे खेल में युवाओं का मानसिक विकास और सोचने की क्षमता बढ़ती है। अक्षित शर्मा ने अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता और रणनीतिक सोच दिखाई, जो उन्हें प्रतियोगियों में सबसे अलग और मजबूत बनाती है। अंत में, इस फेस्टिवल ने यह संदेश दिया कि सही प्रशिक्षण, कड़ी मेहनत और मानसिक दृढ़ता के साथ युवा अपनी उम्र से कहीं अधिक उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। अक्षित शर्मा की जीत ने यह प्रमाणित कर दिया कि छोटे बच्चों में भी बड़ी प्रतिभा होती है और उन्हें मंच मिलते ही वे अपने कौशल का लोहा मनवा सकते हैं।



# बोतल का ढक्कन गटक गये युवक का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन कर जान बचाई

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सिबली अस्पताल के संचालक डॉक्टर राकेश मित्तल एनेस्थैइस्ट बताते हैं कि उनके यहां आकिब पुत्र इरफान 17 वर्षीय निवासी बिसोखर के परिजन ,उसे निढ़ाल अवस्था में हर तरफ से निराश होकर जीवन की आश लिये, उपचार हेतु सिवली हॉस्पिटल लाए थे । कैंपा कोला की बोतल का निगला गया ढक्कन, मरीज की सांस और आहार नाल को बाधित कर रहा था। जिससे उसे सांस लेने व निगलने में असहनीय दिक्कत आ खड़ी हुई थी। उसके परिजन और मित्र उपचार के लिए आसपास के डॉक्टरों और अस्पतालों में उपचार हेतु ले गए किंतु उसे किसी ने भी भर्ती नहीं किया।

निराश होकर वह लोग पीड़ित मरीज को हमारे सिबली हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, मुझ सहित हमारे अस्पताल से जुड़े डॉक्टर केशव गुप्ता ईएनटी सर्जन व ओपरेशन थिएटर अटेंडेंट, दानिश ,दीपांशु शर्मा ,करण आदि की टीम ने इस बेहद नाजुक ऑपरेशन को करके पीड़ित मरीज की जान बचाई। यह ऑपरेशन करीब एक घंटा चला। पहले दूरबीन डालकर गटके गए ढक्कन की स्थिति का पता लगाया गया तो पता चला कि वह ढक्कन सांस नली से निकल कर आहार नली में अमुख स्थान पर अटका हुआ है ,जिससे सांस नली व आहार नली दोनों प्रभावित हैं। इसके बाद इसमें चिमटी डालकर, ढक्कन को धीरे-धीरे चरण वार ऊपर लाया गया तब कहीं जाकर पीड़ित मरीज के प्राण बचे।

इस ऑपरेशन में श्वांस नली, और आहार नली बचाना तथा ढक्कन को बिना तोड़े निकालना एक जोखिम युक्त चुनौती था, किंतु सधे हुए हाथों ने सटीक तरीके से प्रयुक्त किए गए संसाधनों और प्रयासों के बदौलत यह असहज और जटिल ऑपरेशन संपन्न हुआ। इस ऑपरेशन की सफलता पर पीड़ित मरीज के पिता इरफान भाई आदिल, जावेद, शाहरुख, शुफान , पीड़ित के दोस्त आयन ,व कैफ आदि ने डॉक्टरों को और अस्पताल के स्टाफ को बधाई दी है।

मरीज ने बताया कि वह बिसोखर स्थित मस्जिद के पास एक दुकान पर ठंडा पीने गया था। वहां उसने कैंपा कोला की बोतल ली और उसमें मसाला डालकर ऊपर से ढक्कन रख दिया। कैंपा कोला की बोतल से झाग व गैस तेजी से निकलने लगे तो उसने मुंह से ढक्कन हटाने का प्रयास किया इसी बीच ढक्कन गैस के प्रेशर से उसके मुंह के भीतर पहुंच गया पहले सांस नली में अटका, धस्का होने पर वहां से ढक्कन आहार नली में जा फंसा ।जिस कारण उसे सांस लेने में निगलने में परेशानी हो गई वह सांस लेने की स्थिति में भी नहीं रहा , सिवली अस्पताल के डॉक्टर और ऑपरेशन थिएटर के अस्सिटेंटों के प्रयास से मुझे नया जीवन मिला है। जिसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं।

## एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर कराया मुकदमा दर्ज पुलिस दोनों पक्षों की जांच में जुटी

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के डोमला हसनगढ़ निवासी अरुण पुत्र हरवीर सिंह के साथ चार लोगों ने मिलकर की मारपीट। प्राप्त जानकारी के अनुसार और पीड़ित अरुण ने बताया है कि गांव के ही चमन अजय विजय शैलेंद्र ने रास्ते में रोक कर जबरदस्ती शराब पिलाने का प्रयास किया मना करने पर उक्त दबंग लोगों ने गाली गलौज मारपीट शुरू कर दी मारपीट जान से मारने की धमकी देकर भाग गए मारपीट में अरुण के चोट लगी है पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है वहीं दूसरी तरफ चमन निवासी गांव डोमला हसनगढ़ ने अरुण पुत्र हरवीर के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है उधर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि उक्त प्रकरण में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मामले की गहनता से दोनों पक्षों की जांच पड़ताल में जुटी है।

## कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय

# प्रान्तीय अधिवेशन वाराणसी में प्रान्तीय कमेटी के चुनाव के साथ सम्पन्न हुआ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन वाराणसी में परेड कोठी रोडवेज कैण्ट स्थित होटल प्रताप पैलेस मे रविवार को प्रान्तीय कमेटी के चुनाव के साथ सम्पन्न हुआ कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उत्तर प्रदेश के चुनाव मे सर्व सम्मति से अजय बर्मन सहारनपुर अध्यक्ष, शेषनाथ यादव व योगेन्द्र सिंह पीलीभीत उपाध्यक्ष,सुधीर सिंह महामंत्री,नागेन्द्र कुमार सिंह मेरठ उपमंत्री,नायब सिंह वाराणसी,धर्मेन्द्र तिवारी रायबरेली,अरविन्द कुमार सिंह हरदोई,सहायक महामंत्री,ईश्वर सिंह चौहान मुजफ्फरनगर संगठन मंत्री,अरविन्द कुमार अयोध्या कोषाध्यक्ष,मिलेन्द्र कुमार सिंह मण्डलीय मंत्री वाराणसी सहित 18 मण्डलीय मंत्री एवं संतोष सोनकर वाराणसी, विजय कृष्ण यादव गाजीपुर सहित कुल 44 लोग कार्यकारणी के सदस्य निर्वाचित हुऐ इसके साथ ही एक हाई पावर नयी परामर्श दात्री समिति का गठन हुआ जिसमे निवर्तमान अध्यक्ष, संस्थापक व संरक्षक गण को रखा गया चुनाव के बाद नयी कार्यकारणी की बैठक हुई जिसमे कर्मचारियों की समस्याओं और उनके निराकर पर विस्तार से चर्चा हुई।

अधिवेशन मे निर्णय लिया गया कि जिला सहकारी बैक के कर्मचारियों की मागे वेतन पुनरीक्षण,बैको मे भर्ती शिघ्र करना,कम्प्यूटराइजेशन व चीनी मिलो के वित्तपोषण मे की गयी वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराने के लिए पुनः प्रयास किया जायेगा और यदि मांगो का निस्तारण नहीं किया जाता है तो प्रदेश ब्यापी आन्दोलन किया जायेगा जिसका निर्णय लेने का अधिकार अध्यक्ष और महामंत्री को दिया गया उपस्थित सदस्यों ने नये निर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया ।नयी कार्यकारणी का चुनाव निर्वाचन अधिकारी संगठन के संरक्षक राजेश्वर सिंह द्वारा सम्पन्न कराया गया।

## पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर का विजय दिवस समारोह 16 को

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर का विजय दिवस समारोह 16 दिसम्बर को यहां रेलवे रोड स्थित मेजर आशाराम त्यागी प्रतिमास्थल पर आयोजित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक संघ के संयोजक ब्रजभूषण अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील त्यागी व सचिव धीरेंद्र शर्मा ने यहां एक संयुक्त वक्तव्य में बताया कि उ0प्र0 के राज्यमंत्री संजीव गोयल की अध्यक्षता में होने वाले विजय दिवस समारोह में प्रदेश के राज्यमंत्री केप्टन विकास गुप्ता व विधायक डा0 मंजू शिवाच बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा मेरठ के सेवानिवृत्त कर्नल एसपी सिंह, 35 यूपी एनसीसी वाहिनी मोदीनगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीयूष सिंह, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड गाजियाबाद के सचिव प्रवेश सिंह आदि बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। उ0प्र0 के पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा, नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व पालिका चेयरमैन पं0 रामआसरे शर्मा शिक्षा सेवा नीरज त्यागी, भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, रालोद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया आदि आमंत्रित अतिथि भाग लेंगे।

## पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति द्वारा विजय दिवस समारोह का आयोजन 16 दिसंबर को

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति द्वारा विजय दिवस समारोह का आयोजन 16 दिसंबर को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति के मोदीनगर के अध्यक्ष वेटेरन मनोज शर्मा, संयोजक वेटेरन लक्ष्मण सिंह राठी एवं सचिव वेटेरन रिशिपाल यादव ने बताया कि 1971 भारत-पाक युद्ध में प्राप्त विजय के उपलक्ष में 16 दिसंबर मंगलवार को विजय दिवस समारोह का आयोजन प्रातः 10:00 बजे छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विजय दिवस समारोह में आमंत्रित अतिथिगण में मुख्य अतिथि मेजर जनरल बी एन कपूर सेवानिवृत्ति, कार्यक्रम अध्यक्ष कर्नल पीके सिंह कमांडिंग ऑफिसर 35 यूपी बटालियन एनसीसी मोदीनगर, अति विशेष विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच और विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जीवन सुरेंद्र नाथ तिवारी, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, भाजपा जिला अध्यक्ष चेन पाल सिंह को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा विशेष आमंत्रित अतिथि में प्रधान अधिकारी ओम सिंह राणा सेवानिवृत्ति, पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, एसडीएम अजीत सिंह,एसीपी अमित सक्सेना, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ रीता बख्शी,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष किशनवीर सिंह होंगे। मुख्य वक्ता में एडवोकेट बी बी बंसल प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद आमंत्रित है। विशेष सहयोगी में डॉक्टर अनु त्यागी प्रधानाचार्य छाप पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी है।

## वाराणसी में देश का पहला कार्पेट एक्सपीरियंस सेंटर पहले ही वर्ष मे बना लोगों की पसंद



**वाराणसी।** इंडस्ट्रियल एस्टेट चांदपुर स्थित खुशी एंटरप्राइजेज के कार्पेट एक्सपीरियंस मेटर ने अपना सफल वर्ष पूरा कर लिया है यह भारत का पहला और एकमात्र केंद्र है जहाँ आनंद को को कालीनों को छूकर देखकर और समझ कर वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है एक ही छत के नीचे भारत में निर्मित लगभग सभी प्रकार के कलियों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें लोग देश की समृद्ध कालीन विरासत को नजदीक से समस्त पाते हैं इस पहल के माध्यम से वाराणसी का यह कारपेट एक्सपीरियंस सेंटर देश की हस्तशिल्प परंपरा एवं कला को प्रोत्साहित कर रहा है तथा स्थानीय कार्यक्रमों की अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त करने की दिशा में कार्यरत हैं खुशी इंटरप्राइजेज के संस्थापक हुसैन जाकर हुसैनी ने बताया कि पिछले एक वर्ष में बड़ी संख्या में लोग कारपेट एक्सपीरियंस सेंटर का दौरा कर चुके हैं।

## आयुध निर्माणी मुरादनगर में स्वच्छता मिनी मैराथन का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** यन्त्र इंडिया मुख्यालय नागपुर के निदेशानुसार आयुध निमार्णी मुरादनगर में स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता जागरूकता हेतु जनमानस मे स्वच्छता सन्देश देने के उद्देश्य से ₹स्वच्छता मिनी मैराथन - 2025₹ का 14-12-2025 को प्रातः 08:30 बजे आयुध निमार्णी मुरादनगर मुख्य द्वार से सीनियर क्लब तक कार्यकारी निदेशक कमलेश कुमार, आईओएफएस की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यकारी निदेशक महोदय ने स्वच्छता सन्देश दिया एवं, स्वच्छता के महत्व को सभी को समझाया।

इस अवसर पर कमलेश कुमार कार्यकारी निदेशक, संजीव नारंग, महाप्रबंधक, अश्वनी कुमार मिश्रा महाप्रबंधक, सत्येंद्र मीणा उपमहाप्रबंधक व सुरक्षा अधिकारी, बी एस काजला, निजी सचिव, शिवनाथ यादव, विपिन शर्मा, महीपाल सिंह कार्यसमिति, मुकेश कुमार शर्मा, जेसीएम एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। हल्के जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विदुषी की सुर साधना ने दर्शकों का मन मोहा

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी ।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के आयोजन एवं सुबह-ए-बनारस के संयोजन में मां जान्हवी के तट पर आयोजित सुर साधना में किशोरवय गायिका विदुषी वर्मा ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिरस से सरोबर कर दियो विदुषी ने गायन का आरंभ 'गले भुजंग भस्म अंग',प्रेम मुदित मन से कहो,राम का गुणगान करिए तत्पश्चात राम राम रोम रोम भजन गाकर कार्यक्रम का समापन किया विदुषी की सधी हुई आवाज,गहरी भावविभक्ति और रागात्मक सौंदर्य ने उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

विदुषी के साथ तबले पर अंकित सिंह एवं संवादिनी पर ओमप्रकाश पांडेय ने सुमधुर संगति प्रदान किया प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रमोद त्रिवेदी ने समस्त कलाकारों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## माता पिता के सान्निध्य में शोध प्रबंध की ऐतिहासिक उपलब्धि : संपूर्णा नन्द पांडेय

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** बीएचयू एसवीडीवी के धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग के प्रोफेसर शंकर कुमार मिश्र गुरु के कुशल निर्देशन में हुआ शोधे शोधार्थी अमित कुमार तिवारी ने अपना शोध प्रबंध सफलता पूर्वक पूर्ण कर शैक्षणिक जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की हैं इस अवसर पर उनके माता,पिता की गरिमामयी उपस्थिति ने क्षण को विशेष बना दियो शोध प्रबंध के साथ माता,पिता की तस्वीर सामाजिक संस्कारों का जीवंत उदाहरण बनी

डॉक्टर अमित तिवारी ने कहा कि माता पिता का मार्ग दर्शन ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति हैं इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का वातावरण है शोध प्रबंध पूर्ण होना वर्षों के परिश्रम का परिणाम है। डॉक्टर अमित तिवारी के मित्र संपूर्णा नन्द पांडेय ने कहा कि आगे भी पोस्ट डॉक्टरेट कार्य को जारी रखने की सलाह दिया निस्संदेह यह सफलता संस्कार और समर्पण का परिणाम है।



शोध प्रबंध पूर्ण होने के अवसर पर डाक्टर अमित तिवारी के पिता हरेश तिवारी,माता जया देवी एवं बड़ी मां वेदांती तिवारी,बहन माधुरी पांडेय,पत्नी पुतुल तिवारी की बेटी अन्वी के साथ उपस्थिति रही।

## देश में एक सुरक्षित इंटरनेट नीति लागू कर किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर सख्ती से प्रतिबंध हो


**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत मोदीनगर व मुरादनगर के अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धमार्चार्यो ने किशोरों ( 16 वर्ष से कम आयु) में पनप रही सोशल मीडिया के प्रति बुरी लत को चिंतनीय व दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि देश में एक सुरक्षित इंटरनेट नीति लागू की जाए, जिसके तहत सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 16 वर्ष से कम आयु वाले किशोर-किशोरियों के लिए अनिवार्य आयु पुष्टि (एज एण्ड वेरिफिकेशन) लागू करना शामिल हो ताकि देश के तमाम किशोर किशोरियों (अंडर 16) को संभावित डिजिटल खतरों से बताया जा सके।

विख्यात श्रीमद् भागवताचार्य डा0 देवेंद्र शास्त्री (मोदी मंदिर वाले) हनुमंत कथा व्यास पं0 अरविंद्र भाई ओझा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं रामचरित मानस मर्मज्ञ दिनेश चंद शर्मा, विशिष्ट नागरिक संस्था मोदीनगर के संरक्षक रामेश्वर दयाल गुप्ता व अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा जी, पंजाबी मंच मोदीनगर के महामंत्री सुनील चावला, उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर के अध्यक्ष महेश तायल, वैश्य समाज मोदीनगर के संरक्षक देवराज मित्तल व अध्यक्ष बीबी कंसल, अ0भा0 परशुराम सेवा दल अध्यक्ष पं0 विनोद मिश्रा, मुरादनगर के मनोज शर्मा, राकेश मोहन गोयल आदि ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें। उनपर प्रतिबंध लगाएं ताकि देश के भविष्य माने जाने वाले किशोरों को शारीरिक, मानसिक रूप से सुरक्षित रखा जा सके।

सोशल मीडिया से दूर रखकर बच्चों में उत्तम संस्कार जागृत करें ताकि वे बड़े होकर चरित्रवान व होनहार नागरिक बन सकें। पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, अहसास महिला समिति की अनुप्रीत कौर, गुरूद्वारा प्रबंध समिति मोदीनगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह आदि ने बच्चों में सोशल मीडिया की बुरी तल को गंभीर समस्या बताया और बुरी लत से दूर रखने के लिए प्रेरित किया।

## गूर्जर नेताओं ने दी राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश्चंद्र भाटी को बधाई



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** गूर्जर भवन कोटला नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में देश भर से आए गूर्जर नेताओं ने सर्वसम्मति से गूर्जर समाज के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री हरीश्चंद्र भाटी को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया। भाटी जी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और जम्मू कश्मीर जैसे महत्वपूर्ण राज्य के प्रभारी रहे हैं।

इस अवसर पर भारत सरकार के खादी ग्रामोद्योग के पूर्व चेयरमैन डॉ यशवीर सिंह,राम सिंह कसाना कोटपुतली, पुरुषोत्तम फागना जयपुर,आर के दोगने एम एल ए हरदा एम पी विनय प्रधान मेरठ ब्रजवीर सिंह पूर्व प्रमुख माछरा मेरठ,तिलक रामपंवार अमरोहा डॉ जिले सिंह प्रमुख, महामंत्री गूर्जर महासभा महावीर रौसा, जुगेंद्र पोसवाल सपा नेता समेत नीरज पाल राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी और गूर्जर समाज के वरिष्ठ नेता चौधरी अजब सिंह कपासिया आदि ने नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए बधाई दी।

## गांव कुर्सी में शीत योग शिविर एवं यज्ञ का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ,(अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान द्वारा शीत योग शिविर एवं यज्ञ का आयोजन ग्राम कुर्सी, मुरादनगर में किया गया ।योग शिक्षक राजेश शर्मा ने ओम की ध्वनि,गायत्री मंत्र से सत्र को प्रारंभ किया ।उन्होंने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम,हाथों,पैरों और गर्दन के अभ्यास कराए एवं लाभों की चर्चा की।

मंच संचालक एवं योग शिक्षक प्रदीप त्यागी ने साधकों को वीरेचन क्रिया, आर्ट ऑफ लिविंग भास्त्रिका, प्राणायाम, दीर्घ श्वसन,कपाल शोधन,भ्रामरी का अभ्यास कराया और उसके लाभों की चर्चा करते हुए बताया कि इस क्रिया से तन,मन और श्वासें शांत होती हैं।

संस्थान के उपाध्यक्ष मनमोहन वोहरा ने साधकों को अनुलोम विलोम के रहस्य बताते हुए कहा भाव,अनुभव और प्रार्थना से आप रोग मुक्त हो सकते हैं ।उन्होंने साधकों को आंखें बंद,मेरु दंड सीधा,गर्दन सीधी करा,ध्यान मुद्रा मे बैठाया,ज्ञानमुद्रा में मन को नियंत्रित करने वाला मंत्र ओ३म् का श्वांस प्रश्वांस 11 बार गुंजार कराया और नासिका के अग्रभाग पर ध्यान कराया जिससे सभी को परम शांति का अनुभव हुआ ।उन्होंने कहा कि ध्यान करने वाले साधक को ध्यान से आश्चर्य जनक लाभ होते हैं ।मानसिक तनाव, चिंता,भय और हीनभावना से छुटकारा मिलता है। संस्थान के अध्यक्ष के के अरोडा ने कर्णरोगान्तक प्राणायाम का अभ्यास कराया और बताया इससे श्रवण शक्ति बढ़ती है। योगी प्रवीण आर्य,अशोक शास्त्री एवं प्रदीप गुप्ता ने ईश्वर भक्ति के गीत सुनाये जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। संस्कार उपवन के संस्थापक एवं मुख्य वक्ता डॉ नवनीत प्रियदास ने कहा की संस्कार उपवन को स्थापित करने का हमारा उद्देश्य बच्चों को सुसंस्कारित करना है क्योंकि सुसंस्कारित मानव ही राष्ट्र की धरोहर है ।उन्होंने ऋषिमुख पर्वत पर राम और लक्ष्मण से हनुमान की प्रथम बार मिलने पर हुई मधुर बातचीत का प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। उन्होंने जन्मदिन पर मोमबत्ती बूझाकर केक काटने के स्थान पर यज्ञ,गौ सेवा एवं लड्डू बाँट करके तथा जितने वर्ष के हो चुके हैं उतने दीपक जलाकर जन्मदिन मनाने की प्रेरणा दी। संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शास्त्री ने सभी को तालिवादन व हास्यासन कराया जिससे सभी में ऊष्मा का संचार हो गया ।पश्चात सभी ने ताजे गंन्नो का रसास्वादन किया। संस्थान के मंत्री दयानन्द शर्मा ने कहा कि योग हमारे मन मस्तिष्क को ठीक करता है,इससे हम तनाव मुक्त रहते हैं ।योग शिक्षिका वीना वोहरा,मीता खन्ना, सीमा गोयल, सुमन भारती आदि ने वैदिक प्रार्थना व शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न कराया एवं प्रीतिभोज लेकर साधकों ने प्रस्थान किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैटों की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

## निजी विकासकताओं को समयबद्ध निर्माण के लिए निर्देश, आवेदकों को मिलेगा किफायती आवास

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल की कड़ी सख्ती और समयबद्ध कार्रवाई अब नतीजे दिखाने लगी है। निजी विकासकताओं द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणी के भवनों के निर्माण में हो रही लगातार देरी के बीच प्राधिकरण ने एक ठोस कदम उठाया है, जिससे आमजन के लिए किफायती आवास प्राप्त करना अब और आसान हो गया है। निजी विकासकर्ता मैसर्स एसजीएस कन्स्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की परियोजनाएँ एसजीएस सिटी-1 और सिटी-2 अब पात्र आवेदकों के लिए खुले हैं। इन परियोजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 1493 ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैटों के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लंबे समय से किफायती आवास की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक अवसर है। जीडीए उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर कलाल ने बताया कि इन फ्लैटों का वर्तमान निर्धारित मूल्य 4.98 लाख है। इस राशि में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार 1.50 लाख और राज्य सरकार 1.00 लाख का आर्थिक सहयोग देगी। इसके बाद आवेदकों को केवल 1.98 लाख का भुगतान करना होगा, जिससे यह योजना आमजन के लिए बेहद किफायती बन जाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना की वास्तविक लागत के आधार पर राशि में आंशिक कमी या वृद्धि हो सकती है। श्री कलाल ने आगे बताया कि ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। इच्छुक और पात्र आवेदक इस अवधि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता शर्तें और अन्य आवश्यक जानकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने यह भी बताया कि अन्य निजी विकासकताओं को भी ईडब्ल्यूएस/एलआईजी भवनों के समयबद्ध निर्माण और आवंटन के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्राधिकरण सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कर रही है। श्री नंद किशोर कलाल ने दोहराया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को पारदर्शी, समयबद्ध और किफायती आवास उपलब्ध कराना है, ताकि 'सबके लिए आवास का संकल्प धरातल पर वास्तविक रूप में उतर सके।

# मोदी-योगी के नेतृत्व में ओबीसी को फिर मिला सम्मान, पंकज चौधरी बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है, जिसमें समाज के हर वर्ग को समान सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया जाता है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि एक बार फिर संगठन की कमान ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधि को सौंपकर भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पार्टी सामाजिक संतुलन, समावेशी राजनीति और सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर अडिग है। उन्होंने कहा कि पंकज चौधरी जैसे अनुभवी और जमीनी नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से न केवल संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि कार्यकताओं में भी नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। नरेंद्र कश्यप ने विश्वास जताया कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश संगठन गांव, कस्बे और बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठनात्मक मजबूती का सीधा लाभ आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी को मिलेगा और भाजपा एक बार फिर ऐतिहासिक विजय की ओर अग्रसर होगी।

उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज पहले से ही भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है और यह निर्णय उस विश्वास को और गहरा करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदैव पिछड़े वर्ग को साथ लेकर विकास की राजनीति की है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ओबीसी समाज को व्यापक लाभ मिला है, जिसका परिणाम पिछले चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में भाजपा संगठन सामाजिक समरसता को और मजबूत करते हुए विकास की राजनीति को नई दिशा देगा। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा आने वाले समय में प्रदेश की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में अपनी भूमिका और प्रभाव को और अधिक विस्तार देगी।

# नकली दवाओं के गोरखधंधे पर बड़ा प्रहार, लोनी में चल रही फैक्ट्री का दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया भंडाफोड़



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लोगों की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ करने वाले नकली दवाओं के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के मीरपुर हिन्दू इलाके में संचालित एक अवैध फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई की है। इस फैक्ट्री में त्वचा रोगों से संबंधित नकली दवाएं तैयार की जा रही थीं, जिनकी सप्लाई दिल्ली सहित पूरे नॉर्थ इंडिया में की जा रही थी। लंबे समय से चल रहा यह गोरखधंधा आम लोगों की जान के लिए गंभीर खतरा बना हुआ था। क्राइम ब्रांच अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ समय से दिल्ली और आसपास के इलाकों में नकली दवाओं की बिक्री को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कई मामलों में मरीजों को इलाज के बजाय नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि लोनी इलाके में एक फैक्ट्री अवैध रूप से नामी कंपनियों के नाम पर नकली दवाएं तैयार कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में स्किन रोगों की नकली दवाएं, दवाएं बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, मशीनें, लेबल और नामी दवा कंपनियों जैसी दिखने वाली पैकिंग सामग्री बरामद की। फैक्ट्री में दवाओं की पैकिंग इतनी सटीक तरीके से की जा रही थी कि आम उपभोक्ता असली और नकली दवाओं में आसानी से फर्क नहीं कर सकता था। पुलिस का कहना है कि यही कारण है कि यह नेटवर्क लंबे समय तक लोगों को धोखा देता रहा। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों गौरव भगत और विशाल गुप्ता को गिरफ्तार किया है।

# घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें, हाईवे-एक्सप्रेसवे पर हादसों की श्रृंखला

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** रविवार को गाजियाबाद में सीजन के पहले घने कोहरे ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। सुबह से ही दृश्यता बेहद कम रहने के कारण जिले के हाईवे और एक्सप्रेसवे पर हादसों की श्रृंखला देखने को मिली। बीते चार घंटों के भीतर गाजियाबाद में पांच अलग-अलग स्थानों पर वाहन आपस में टकरा गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इन हादसों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन कोहरे ने वाहन चालकों की परेशानी जरूर बढ़ा दी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भोजपुर और मसूरी थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जहां तेज रफ्तार और कम दृश्यता के कारण वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। इसके अलावा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भी वाहनों के टकराने की सूचना मिली है। हादसों के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और मार्गों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार अधिकांश दुर्घटनाएं ओवरटेकिंग के दौरान हुईं, जब घने कोहरे के कारण सामने चल रहे वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं दे सके। सूचना मिलते ही पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और हालात को सामान्य करने में जुट गईं। एनएचएआई और ट्रैफिक पुलिस की मदद से 10 से अधिक दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अलग-अलग स्थानों से हटाया गया, जिससे यातायात धीरे-धीरे सुचारु हो सका। प्रशासन ने वाहन चालकों से घने कोहरे के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, सीमित गति से वाहन चलाने और ओवरटेकिंग से बचने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि मौसम के मिजाज को देखते हुए आने वाले दिनों में कोहरे का असर और बढ़ सकता है, ऐसे में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले शनिवार को भी घने कोहरे के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दो स्थानों पर बड़े हादसे हुए थे, जहां आगे-पीछे चल रहे 18 वाहन आपस में टकरा गए थे। उस दौरान करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया था और यातायात को सामान्य करने में काफी समय लगा था। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर सर्दियों के मौसम में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# क्राइम ब्रांच अफसर बनकर बुजुर्ग को किया 'डिजिटल अरेस्ट तीन लाख रुपये की ठगी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र की उमेश पार्क कॉलोनी में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां शातिर ठग ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक बुजुर्ग को तथाकथित 'डिजिटल अरेस्टज्में लिया और उनसे तीन लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपित ने बुजुर्ग को तीन करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन में फंसाने और जेल भेजने की धमकी देकर मानसिक रूप से भयभीत किया। पीड़ित की शिकायत पर मोदीनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उमेश पार्क कॉलोनी निवासी मोहनलाल, जो एक निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हैं, के पास तीन दिन पहले एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल उठाते ही सामने से युवक ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके मोबाइल नंबर से एक बैंक खाता लिंक है, जिससे हाल ही में करीब तीन करोड़ रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। आरोपित ने दावा किया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। मोहनलाल ने किसी भी प्रकार के लेनदेन से साफ इनकार किया, लेकिन आरोपित ने उन्हें लगातार डराने-धमकाने का सिलसिला शुरू कर दिया। उसने कहा कि उसके पास खाते से जुड़ी पूरी जानकारी है और अगर गिरफ्तारी से बचना है तो लेनदेन से जुड़े शुल्क के रूप में तीन लाख रुपये जमा कराने होंगे। ठग ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार दो दिन तक व्हाट्सऐप कॉल कर बुजुर्ग पर दबाव बनाए रखा।

# पढ़ाई के दबाव ने ली 10वीं की छात्रा की जान, बालकनी से कूदकर की आत्महत्या

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के शालीमार सिटी इलाके से रविवार सुबह एक बेहद दुखद घटना सामने आई, जहां 15 वर्षीय किशोरी ने अपने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक किशोरी 10वीं कक्षा की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल अवस्था में छात्रा को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गांधीनगर और आईएमए से जुड़े चिकित्सकों की टीम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गुरुद्वारा गांधीनगर परिसर में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे स्पष्ट हुआ कि समाज में इस प्रकार की सेवाओं की कितनी अधिक आवश्यकता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में डॉक्टरों की फीस और दवाइयों की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। ऐसे में समाज के हर वर्ग और हर जाति में कई ऐसे परिवार हैं, जो समय पर उचित इलाज नहीं करा पाते और बाद में गंभीर शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं जरूरतमंद लोगों को ध्यान में रखते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां समय-समय पर इस प्रकार के परमार्थ और सेवा कार्य निरंतर करती रहती हैं और भविष्य में भी करती रहेंगी। शिविर का शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल पुलिस आयुक्त (क्राइम) केशव कुमार चौधरी रहे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से उनका गुलदस्ता एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। विशेष बात यह रही कि मुख्य अतिथि केशव चौधरी ने स्वयं भी स्वास्थ्य जांच शिविर में अपना चेकअप कराया और इस पहल को आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**लोनी।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में शनिवार देर शाम युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में श्रीकांत पाठक की 19 वर्षीय पुत्री विभा ने शनिवार शाम कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे की सहायता से फंदा लगा लिया। घटना के समय परिजन किसी कार्य के पलते घर से बाहर गए थे। घर पहुंचने पर पुत्री को न देखकर परिजन ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई आवाज न आने पर परिजनों ने लोगों की सहायता से दरवाजा तोड़ा। अंदर पुत्री को पंखे से लटकता देख परिजन उसे उतारकर संयुक्त अस्पताल लेकर पहुंचे।

# गाजियाबाद में ग्रेप-3 लागू लेकिन जमीनी स्तर पर नियमों की उड़ रही धज्जियां

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** एनसीआर में लगातार बिगड़ते वायु गुणवत्ता स्तर के बीच एक बार फिर ग्रेप-तीन (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं, लेकिन गाजियाबाद में इन सख्त नियमों का पालन कराना जिम्मेदार विभागों के लिए चुनौती बना हुआ है। हालात यह हैं कि ग्रेप-तीन तो दूर, पहले और दूसरे चरण की पाबंदियों का भी प्रभावी पालन होता नजर नहीं आ रहा है। कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं, जबकि शहर के कई इलाकों में खुलेआम नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

शनिवार को आसमान में घना स्मॉग छाया रहा, जिसमें हल्का कोहरा भी घुला हुआ नजर आया। हालांकि दृश्यता इतनी कम नहीं थी कि वाहन चालकों को विशेष परेशानी हो, लेकिन हवा की गुणवत्ता लगातार खराब बनी रही। ग्रेप की पाबंदियों की हकीकत जानने के लिए जब विभिन्न इलाकों का जायजा लिया गया, तो हालात चिंताजनक सामने आए। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में दिनभर निर्माण कार्य चलता रहा, जबकि ग्रेप-तीन के तहत सभी गैर-जरूरी निर्माण गतिविधियों पर पूरी तरह रोक है। इसके बावजूद न तो निर्माण कार्य रुका और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कोई अधिकारी या कर्मचारी निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचा। निर्माण सामग्री खुले में पड़ी रही, जिससे धूल उड़कर हवा को और जहरीला करती रही। शहर के बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, वसुंधरा सेक्टर-11, इंदिरापुरम के नीति खंड-तीन समेत कई इलाकों में सड़कों के किनारे निर्माण सामग्री खुले में पड़ी मिली। न तो इन्हें ढका गया था और न ही धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा था। इन मार्गों से वाहन गुजरते ही धूल के गुबार उडे लगे, जो सीधे वातावरण में घुलकर प्रदूषण के स्तर को और बढ़ा रहे हैं।

साहिबाबाद के औद्योगिक क्षेत्र साइट-चार की सड़कों की बदहाली भी प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है।

# भाजपा संगठन पर्व में उत्सव का माहौल, गाजियाबाद में प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का उत्साह

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत रविवार, 14 दिसंबर 2025 को प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन कार्यक्रम को लेकर गाजियाबाद में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकताओं ने महानगर कार्यालय, नेहरू नगर में एकत्र होकर आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष जी के निर्वाचन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। जैसे ही निर्वाचन की औपचारिक घोषणा हुई, कार्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया। इस अवसर पर मिठाइयों का वितरण किया गया और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर संगठन की मजबूती और एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के आह्वान पर किया गया, जिन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पर्व भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक है और इससे पार्टी और अधिक सशक्त होकर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन संगठन के लिए नई ऊर्जा और नई दिशा लेकर आएगा। आने वाले समय में पार्टी जनहित के मुद्दों को और मजबूती से उठाएगी तथा संगठन को बूथ स्तर तक और सुदृढ़ किया जाएगा। लाइव प्रसारण के दौरान कार्यकताओं में अनुशासन, उत्साह और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, प्रदीप चौधरी, कामेश्वर त्यागी, सुरेंद्र नागर, ललित कश्यप, सुभाष शर्मा, अनीता शर्मा, ऋचा भदौरिया, अमृता सिंह, हाजी जमालुद्दीन, बलराम रावल, विनोद कसाना, अमित रंजन, सचिन डेढ़ा, पंकज भारद्वाज, गौरव चोपड़ा, नवनीत मित्तल, पार्षद अमित त्यागी, जय नंद शर्मा, राजन बाल्मीकि, वीरेंद्र सारस्वत, अमित प्रताप, प्रवीण भाटी, ओपी अग्रवाल, विष्णु शर्मा, उत्तम कुमार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर नेताओं ने विश्वास जताया कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा आगामी चुनावों में पार्टी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि गाजियाबाद में भाजपा कार्यकर्ता पूरी एकजुटता और उत्साह के साथ संगठन के हर निर्णय के साथ खड़े हैं।